

मोदी सरकार के 'संकटमोचन'' हैं प्रह्लाद जोशी पेज- 2

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

675 विद्यार्थियों को बांटी होम्योपैथिक दवा पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 217 | बुधवार 29 जुलाई, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

## संक्षिप्त समाचार

### अशोक लेलैंड ने वाणिज्यिक वाहनों के लिए वित्त पोषण सुविधा देने को यूको बैंक से साझेदारी की

(एजेंसी) नई दिल्ली। हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड ने अपने ट्रक और बसों के खरीदारों को वित्त पोषण सुविधा उपलब्ध कराने के लिए यूको बैंक के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि दोनों पक्षों ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत अशोक लेलैंड और यूको बैंक, अशोक लेलैंड के ट्रक तथा बस खरीदने वाले ग्राहकों को उनकी जरूरत के अनुरूप वित्तीय समाधान उपलब्ध कराएंगे। अशोक लेलैंड के पूर्णकालिक निदेशक एवं मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) के. एम. बालाजी ने कहा, यह रणनीतिक साझेदारी हमारेवाणिज्यिक वाहनों की श्रृंखला को देशभर के कारोबारों के लिए अधिक सुलभ बनाकर बाजार में हमारी मौजूदगी को और मजबूत करेगी। यूको बैंक के उप महाप्रबंधक आर. एस. अजित ने कहा, यह साझेदारी कारोबारों को आसान तथा उनकी जरूरतों के अनुरूप वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। इससे वाहन खरीदना आसान होगा और वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

### टाटा केमिकल्स का पहली तिमाही का मुनाफा 81 प्रतिशत घटकर 60 करोड़ रुपए पर

(एजेंसी) नई दिल्ली। टाटा केमिकल्स का चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 81 प्रतिशत घटकर 60 करोड़ रुपए रहा है। खर्चे बढ़ने से कंपनी का मुनाफा घटा है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में उसका शुद्ध मुनाफा 316 करोड़ रुपए




था। शेयर बाजार को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 4,311 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले साल इसी अवधि में 3,815 करोड़ रुपए थी। टाटा केमिकल्स ने बताया कि जून तिमाही में शुद्ध मुनाफा मुख्य रूप से कम प्राप्ति, कम अन्य आय और कम साझा उद्यम आय के कारण घटा। परिणाम पर टिप्पणी करते हुए टाटा केमिकल्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आर. मुकुंदन ने कहा कि कंपनी ने जून तिमाही में मजबूत प्रदर्शन किया, जिसमें ज्यादा बिक्री और उत्पादन मात्रा, मजबूत परिचालन क्षमता और अनुशासित लागत प्रबंधन का योगदान रहा। उन्होंने कहा, हालांकि, सोडा ऐश की कीमतों के लगातार कम रहने के कारण अमेरिका से दक्षिण-पूर्व एशिया में निर्यात पर दबाव बना रहा।

## पीएम मोदी ने बाढ़ की स्थिति पर असम के सांसदों से की चर्चा, केंद्र की ओर से मदद का दिया आश्वासन

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को असम के सांसदों से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और पवित्र मार्गेरिटा ने बैठक में उन्होंने राज्य में बाढ़ की स्थिति पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने उन्हें केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, ष्असम के सांसदों से मुलाकात की और राज्य के कई हिस्सों में बाढ़ की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। केंद्र सरकार प्रभावित लोगों की मदद के लिए असम सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है। मैं सभी लोगों की सुरक्षा और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं। यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि असम भारी बारिश के कारण आई भीषण बाढ़ से जूझ रहा है। इस बाढ़ से कई जिले प्रभावित हुए हैं, बड़े इलाकों में पानी भर गया है और लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित हुआ है। बाढ़ प्रभावित कई इलाकों में राहत और बचाव कार्य जारी हैं। हजारों



लोग अपने घरों से विस्थापित होकर राज्य प्रशासन की ओर से बनाए गए राहत शिविरों में रह रहे हैं। बाढ़ के प्रभाव को कम करने के लिए केंद्र और असम सरकार लगातार प्रयास कर रही हैं। इसी बीच प्रधानमंत्री ने राज्य को हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एनडीआरएफ) समेत कई केंद्रीय एजेंसियां राहत और बचाव कार्यों में राज्य प्रशासन की मदद कर रही हैं। ये एजेंसियां फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालने और राहत सामग्री पहुंचाने का काम कर रही हैं। असम सरकार प्रभावित परिवारों को भोजन, पीने का पानी, दवाइयां और अन्य जरूरी सामान उपलब्ध करा रही है। साथ ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में खराब हुई सड़कों, बिजली व्यवस्था और संचार सेवाओं को फिर से बहाल करने का काम भी किया जा रहा है। अधिकारी तटबंधों की स्थिति और नदियों के जलस्तर पर लगातार नजर रख रहे हैं। राज्य के कई हिस्सों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है, जिससे संवेदनशील इलाकों में दोबारा बाढ़ आने की आशंका बढ़ गई है। माना जा रहा है कि सांसदों ने प्रधानमंत्री को बाढ़ प्रभावित इलाकों की स्थिति और चल रहे राहत कार्यों की जानकारी दी है। साथ ही, उन्होंने प्रभावित जिलों में बचाव, पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए केंद्र सरकार से लगातार मदद की मांग की है। केंद्र सरकार ने एक बार फिर कहा है कि वह बाढ़ प्रभावित लोगों को समय पर राहत और पुनर्वास सहायता पहुंचाने के लिए असम सरकार को हर जरूरी मदद देती रहेगी।

## कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार से मांग जवाब, कहा-छात्र आंदोलन में एके-47 से क्यों की गई फायरिंग

(एजेंसी) नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली, छात्रों के भविष्य, पेपर लीक विवाद और बिहार में छात्र आंदोलन के दौरान कथित एके-47 के इस्तेमाल के मुद्दे पर कांग्रेस के नेताओं ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों के हितों की अनदेखी कर रही है और उनकी समस्याओं का समाधान करने में विफल रही है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि बिहार में छात्र आंदोलन के दौरान एके-47 के इस्तेमाल की बात सामने आई थी, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई भी की। उन्होंने कहा कि अब जब भाजपा इस घटना से इनकार कर रही है तो कई सवाल खड़े होते हैं। उनके अनुसार, यदि छात्रों पर इस तरह की कार्रवाई होगी तो यह देश के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार देश को किस दिशा में ले जाना चाहती है। इमरान मसूद ने एनटीए पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि एजेंसी की लापरवाही के कारण छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने एक छात्रा का उदाहरण देते हुए कहा कि उसने परीक्षा में सभी सवालों के सही उत्तर दिए थे लेकिन रिव्यू के लिए मार्क किए गए एक प्रश्न को गलत दर्ज कर दिया गया। उनका दावा था कि इस त्रुटि के कारण छात्रा के 16 अंक कम हो गए, जिससे वह सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश पाने से वंचित रह गई और मानसिक तनाव का शिकार हो गई। उन्होंने कहा कि इस मामले में एनटीए की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस और पूरा विपक्ष छात्रों के भविष्य को लेकर चिंतित है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में भाजपा सरकार ने बार-बार छात्रों के हितों के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी कानून या नीति को लागू करते समय जवाबदेही



तय होनी चाहिए ताकि छात्रों को नुकसान न उठाना पड़े। राकेश सिन्हा ने बिहार में छात्र आंदोलन से जुड़े मामलों को वापस लेने के फैसले का स्वागत करते हुए इसे सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यदि मामले वापस नहीं लिए जाते तो आंदोलन और तेज हो सकता था। साथ ही, उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में छात्रों के खिलाफ जिस तरह कथित तौर पर एके-47 के इस्तेमाल की अनुमति दी गई, वह स्वीकार्य नहीं है। छात्रों पर बड़ी संख्या में मुकदमे दर्ज करना भी उचित नहीं था।वहीं, कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए कहा कि उनके इस्तीफे के पत्र में पेपर लीक जैसी गंभीर घटना का कोई उल्लेख नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस पूरे मामले में जवाबदेही से बच रही है।

## संसद परिसर में प्रधान का किसी सुपरस्टार की तरह स्वागत करना शर्मनाक है : प्रियंका गांधी

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने संसद परिसर में भारतीय जनता



पार्टी (भाजपा) के कुछ सांसदों द्वारा पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का स्वागत किए जाने को लेकर मंगलवार को सत्तारूढ़ दल पर निशाना साधा और कहा कि प्रधान का किसी सुपरस्टार की तरह स्वागत किया जाना शर्मनाक है। प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में यह आरोप भी लगाया कि सरकार छात्रों का दमन करना चाहती है। उन्होंने कहा, सभी ने देखा कि किन परिस्थितियों में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दिया, लेकिन अगले ही दिन संसद परिसर में उनका ऐसा स्वागत किया गया, मानो वह कोई सुपरस्टार हों।श्श लोकसभा सदस्य ने कहा, क्या यह शर्मनाक नहीं है? कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार पर भरोसा नहीं किया जा सकता क्योंकि आज भी छात्रों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मामले का समाधान बातचीत के माध्यम से करना चाहिए, लेकिन वह अब भी छात्रों के पीछे पड़ी हुई है और उनका दमन करना चाहती है। प्रियंका गांधी का कहना था कि सरकार को छात्रों के प्रति अपना रवैया बदलना चाहिए। उल्लेखनीय है कि प्रधान शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफे के बाद सोमवार को जब पहली बार संसद पहुंचे तो भाजपा के कुछ सांसदों ने उनका स्वागत किया। बिहार के दरभंगा से लोकसभा सदस्य गोपालजी ठाकुर ने उन्हें पाग (मिथिला की पारंपरिक टोपी) पहनाई।

## लोकसभा में बांसुरी स्वराज का कांग्रेस पर बड़ा हमला, पेपर लीक को लेकर कह दी बड़ी बात

(एजेंसी) नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद बांसुरी स्वराज ने मंगलवार को लोकसभा में कांग्रेस तथा विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला और कहा कि वे यह विमर्श तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं कि प्रश्नपत्र लीक की समस्या 2014 के बाद पैदा हुई। उन्होंने सदन में लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि इस संशोधन विधेयक को लाना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संवेदनशीलता और उनके जिम्मेदाराना सरकार का प्रमाण है। नयी दिल्ली से लोकसभा सदस्य स्वराज ने प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं पर दुख जताते हुए कहा कि जब किसी प्रतियोगी परीक्षा में अनियमितता होती है तो उसका असर केवल अभ्यर्थी पर ही नहीं होता, बल्कि उसके माता-पिता पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा, स्वयं प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि पेपर लीक एक घोर अपराध है। इसलिए, इस सदन को आश्वासन देना चाहुंगी कि मोदी जी के लिए पेपर लीक को घोर पाप कहना केवल एक बयान नहीं, उनकी सरकार की नीयत है। इसलिए यह संशोधन (विधेयक) लाया गया है। भाजपा सांसद ने कहा कि वर्तमान में परीक्षा माफिया संगठित हो गया है अंतरराज्यीय आपराधिक नेटवर्क बन गया है, ऐसे में यह विधेयक क्षेत्राधिकार की उलझन को सुलझाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथी और विपक्ष के लोग यह विमर्श तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं कि प्रश्नपत्र लीक की



समस्या केवल 2014 के बाद पैदा हुई है। स्वराज ने कहा, मीडिया की रिपोर्ट को सच माने तो विपक्षी दल शासित राज्यों और 2014 से पहले कांग्रेस नीत संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) सरकार के दौरान 22 बार पेपर लीक होने के कारण परीक्षाएं रद्द करनी पड़ी थीं।श्श उन्होंने कहा कि विधेयक यह प्रावधान करता है कि केंद्र एक विशेष एसआईटी का गठन कर सकती है और जांच एजेंसी को मात्र दो माह के अंदर पूरी प्रक्रिया समाप्त करनी है तथा त्वरित अदालत को तीन महीने के भीतर अपना फैसला देना है। उन्होंने उल्लेख किया कि विशेष सरकारी वकील नियुक्त किये जाएंगे जो केवल इस प्रकार के मुकदमे की पैरवी करेंगे और अपील सीधे उच्च न्यायालय की खंडपीठ में की जाएगी तथा उस अपील पर तीन महीने के अंदर फैसला सुनाया जाएगा। स्वराज ने कहा, न्याय में देरी, न्याय नहीं मिलना है। यही इस संशोधन की आत्मा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने यह सुनिश्चित किया है कि देश का बच्चा एग्जाम वरियर से एग्जाम वॉरियर बन जाए। भाजपा सांसद ने उल्लेख किया कि 12 साल में मेडिकल कॉलेजों की संख्या और मेडिकल सीट दोगुनी हो गई। आआईटी 16 से बढ़कर 23 हो गई हैं। एम्स सात से बढ़कर 20 हो गई है।

## एंटी-पेपर लीक बिल पर चर्चा, जितेंद्र सिंह बोले- परीक्षा लीक करने वालों को अब 5 महीने में मिलेगी सजा

(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में मंगलवार को पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) (संशोधन) विधेयक, 2026 पर चर्चा शुरू हुई। केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य पेपर लीक, संगठित परीक्षा घोटालों और अन्य अनुचित गतिविधियों पर पहले से अधिक प्रभावी ढंग से रोक लगाना है। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के भविष्य से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह विधेयक पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 में संशोधन के लिए लाया गया है। उन्होंने बताया कि 2024 का कानून परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाया गया था, लेकिन अब उसे और मजबूत करने की जरूरत महसूस हुई। प्रधानमंत्री के निर्देश के बाद सरकार यह संशोधन लेकर आई है ताकि पेपर लीक जैसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की घटनाएं किसी एक राज्य तक सीमित नहीं रही हैं। अलग-अलग राज्यों और अलग-अलग परीक्षाओं में पहले भी ऐसे मामले सामने आते रहे हैं। हालांकि, पहले इस तरह की



सख्त कार्रवाई नहीं होती थी जैसी अब की जा रही है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि 2009 के रेलवे भर्ती परीक्षा पेपर लीक से लेकर 2012 के एम्स प्रवेश परीक्षा पेपर लीक तक कई बड़े मामले कांग्रेस सरकार के समय सामने आए। उन्होंने कहा कि इन्हीं घटनाओं से सबक लेते हुए सरकार ने एक लीकप्रूफ परीक्षा प्रणाली तैयार करने का फैसला किया। जितेंद्र सिंह ने बताया कि 1992 में कांग्रेस सरकार के दौरान एक समिति ने केंद्रीय परीक्षा समिति बनाने की सिफारिश की थी। इसके बाद 2010 में भी एक समिति ने यही सुझाव दिया, लेकिन कांग्रेस और यूपीए सरकारों ने इन सिफारिशों को लागू नहीं किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का गठन किया और 2024 में पहली बार इस विषय पर व्यापक कानून बनाया, जिसे जून 2024 में लागू किया गया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि इस संशोधन का सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट की व्यवस्था है। इसके तहत पेपर लीक से जुड़े मामलों की जांच दो महीने के भीतर पूरी करनी होगी। इसके बाद ट्रायल कोर्ट में तीन महीने के भीतर सुनवाई पूरी कर फैसला सुनाया जाएगा। यानी घटना होने से लेकर फैसले तक अधिकतम पांच महीने का समय लगेगा। उन्होंने बताया कि यदि कोई पक्ष फैसले के खिलाफ अपील करना चाहता है तो उसे 30 दिनों के भीतर अपील करनी होगी। साथ ही यह भी प्रावधान किया गया है कि ऐसे मामलों की सुनवाई हाईकोर्ट में डबल बेंच से नहीं होगी। जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विधेयक पेश होने के साथ ही कानून मंत्रालय ने स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। उन्होंने यह भी बताया कि नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। इसके अलावा राधाकृष्णन समिति की कुल 46 सिफारिशों में से 35 सिफारिशें सरकार पहले ही लागू कर चुकी है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा पूरी तरह ईमानदार है और यह संशोधन भी उसी सोच के तहत लाया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस विधेयक के प्रावधानों पर किसी को आपत्ति नहीं होगी। क्योंकि यह कानून लाखों छात्रों के भविष्य की सुरक्षा और परीक्षा प्रणाली में विश्वास बहाल करने के लिए लाया गया है।

## पप्पू यादव का बिहार सरकार पर हमला: बोले-पहले बच्चों से माफी मांगें

(एजेंसी) नई दिल्ली। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने बिहार सरकार के उस फैसले का स्वागत किया है जिसमें विरोध कर रहे छात्रों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का निर्णय लिया गया है। हालांकि उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों और उनके परिवारों के साथ पुलिस ने जिस तरह की कार्रवाई की, वह बेहद गंभीर है। पप्पू यादव ने मांग की कि सरकार पहले छात्रों से माफी मांगे और कार्रवाई में शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए। दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत करते हुए पप्पू यादव ने कहा कि बिहार सरकार की पुलिस ने बच्चों और उनके परिवारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर अत्यधिक बल प्रयोग किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि छात्रों पर ऐसी कार्रवाई क्यों की गई और इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर क्या कार्रवाई होगी। पप्पू यादव ने विशेष बलों की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जिस तरह से पुलिस और एसटीएफ ने प्रदर्शनकारियों के साथ व्यवहार किया, उसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ पुलिसकर्मियों ने सिविल ड्रेस में भी छात्रों पर कार्रवाई की। उन्होंने मांग की कि ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने वालों को निलंबित किया जाए। उन्होंने कहा कि छात्रों के मुद्दों पर विपक्ष एकजुट है। छात्र संगठनों ने स्पष्ट किया है कि वे अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे और छात्रों, युवाओं तथा गरीबों के मुद्दों पर समझौता नहीं किया जाएगा। पप्पू यादव ने कहा कि लगातार सामने आ रही पेपर लीक की घटनाएं युवाओं के भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय हैं। उन्होंने सरकार से जवाब मांगते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं को



रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। बांकीपुर उपचुनाव को लेकर भी पप्पू यादव ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप लगाया कि उपचुनाव में जनता के मुद्दों के बजाय पैसे और प्रचार का खेल चल रहा है। जब छात्र आंदोलन कर रहे थे, तब कई नेता सक्रिय रूप से उनके साथ नहीं दिखे। जनता अब राजनीतिक दावों और वादों को समझ रही है। पप्पू यादव ने कहा कि बांकीपुर उपचुनाव जनता के वास्तविक मुद्दों के बजाय राजनीतिक भ्रम, धनबल और प्रचार पर केंद्रित दिखाई दे रहा है।

# सम्पादकीय

## सिद्धारमैया का चुनावी राजनीति से संन्यास

गौरतलब है कि 2028 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में अभी समय है, लेकिन कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने उससे पहले ही बड़ा फैसला सुना दिया है। मै नफीस जाफरी आपको यहां यह बता दूं कि अपने विधानसभा क्षेत्र मंड्या में उन्होंने साफ कहा कि वह 2028 का चुनाव नहीं लड़ेंगे। साथ ही बोले कि सक्रिय राजनीति में बने रहेंगे और लोगों के सुख–दुख की आवाज उठाते रहेंगे। उनके इस बयान ने कर्नाटक की सियासत में नई चर्चा शुरू कर दी है। विदित हो कि कांग्रेस आलाकमान के कहने पर ही सिद्धारमैया ने राज्य के मुख्यमंत्री पद से 28 मई 2026 को अपना इस्तीफा सौंपा था। जिसके बाद अगले दिन, 29 मई को राज्यपाल ने उसे स्वीकार कर लिया था। इसके बाद ही सिद्धारमैया सरकार में उप मुख्मंत्री रहे डी. के. शिवकुमार ने मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाली थी। जो काफी समय से राज्य का मुख्यमंत्री बनने के लिए कांग्रेस आलाकमान पर अपना दबाव बनाए हुए थे। बहरहाल अब कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के चुनाव नहीं लड़ने के ऐलान को भी उनके राजनीतिक सफर के एक अहम पड़ाव के तौर पर देखा जा रहा है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने चुनावी राजनीति से संन्यास का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा है कि वे 2028 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने वाले हैं। उन्होंने एक लंबे संदेश के जरिए मन की बात कही है। उन्होंने बताया है कि अब उनकी उम्र ज्यादा हो गई है, ऊर्जा पहले की तुलना में कम है, ऐसे में वे अगला चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। गौरतलब है कि सिद्धारमैया लिखते हैं– आज राजनीति का क्षेत्र पूरी तरह भ्रष्ट हो चुका है। इसलिए मैं 2028 के विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार के रूप में नहीं उतरूंगा। हालांकि, राजनीति में सक्रिय रहते हुए मैं लोगों के सुख–दुःख और समस्याओं की आवाज़ बनकर काम करता रहूंगा। वरुणा विधानसभा क्षेत्र के लोग एक बार फिर मुझ पर चुनाव लड़ने का दबाव बना रहे हैं। लेकिन मैंने यह निर्णय ले लिया है कि अब भविष्य में मैं कोई भी चुनाव नहीं लडूंगा। पहले जब मैं चुनाव लड़ता था, तब क्षेत्र की जनता ही हमें आर्थिक सहयोग देती थी और हमारी जीत सुनिश्चित करती थी। लेकिन अब वैसी स्थिति नहीं रही है.



नफीस जाफरी

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया आगे कहते हैं कि मेरी उम्र अब 79 वर्ष हो चुकी है। हमारी सरकार का कार्यकाल अभी डेढ़ वर्ष और शेष है। तब तक मेरी उम्र 81–82 वर्ष हो जाएगी। मेरी सेहत भी पहले जैसी नहीं रही। अब पहले जैसी ऊर्जा और उत्साह के साथ काम करना संभव नहीं है। साल 2028 तक मेरी उम्र 82 वर्ष हो जाएगी. तब मेरे राजनीतिक जीवन के 50 वर्ष पूरे हो जाएंगे। इस दौरान अपने शुरुआती सफर को लेकर सिद्धारमैया बताते हैं कि मैंने वर्ष 1978 में तालुक बोर्ड सदस्य के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। मैंने हार और जीत दोनों देखी हैं। लेकिन मुझे इस बात का संतोष है कि मैंने कभी अपने सिद्धांतों के खिलाफ काम नहीं किया और न ही अपनी अंतरात्मा के साथ समझौता किया। अब ऐसा समय आ गया है कि यदि चुनाव लड़ना है तो लोगों को पैसे देने पड़ेंगे. राजनीति पूरी तरह भ्रष्ट हो चुकी है। ईमानदार राजनीति के लिए कोई जगह बचती नहीं दिख रही। इसी पृष्ठभूमि में मैंने भविष्य में चुनाव न लड़ने का निर्णय लिया है।

# पूरी लीला ही पैसे से आयोजित-प्रायोजित

हरिशंकर व्यास

हां, हिंदू राष्ट्र को सोनम वांगचुक या जीडी अग्रवाल जैसे श्कॉकरोचोंय से नहीं, बल्कि अडानी, अंबानी, चढ़ावा चोरों और ट्रंप जैसे लोगों से मतलब है। इन्हीं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चिंता है, क्योंकि पूरी लीला ही पैसे से आयोजित–प्रायोजित है। आखिर कलियुग में भगवान तप से नहीं, मार्केटिंग से पैदा होते हैं और आस्था के नाम पर भीड़ को ठगना परमोधर्म है। पिछले बारह वर्षों में क्या हुआ है? चाहे श्श्वेत (काली की जगह) अर्थव्यवस्थाय का समय हो, श्गंगा शववाहिनीय का दौर, श्अमृतकालय का आख्यान या श्विकसित भारतय के नारे– हर चरण में सबसे बड़ा निवेश मार्केटिंग पर हुआ। मार्केटिंग ने ही वह वातावरण, वह लेन–देन बनाया, जिसमें अडानी–अंबानी नए जगतसेठ बनकर उभरे। दूसरी और डोनाल्ड ट्रंप से लेकर शी जिनफिंग, पुतिन सभी के लिए भारत विशाल बाजार बना। पैसे की भूख, पैसे के जलवे, पैसे की माया का सीधा असर भक्तों पर भी पड़ा। इनके मन में यह विश्वास बैठाया गया कि भारत अभूतपूर्व गति से दौड़ रहा है, दुनिया भारत की ताकत स्वीकार कर रही है, मुक्त व्यापार समझौते हो रहे हैं और विश्व भारत के सामने नतमस्तक है। सच्चाई है कि जब अडानी दुनिया के बड़े खरबपतियों में शामिल हुए तो भक्तों ने इसे भी हिंदुओं की आन–बान–शान माना। बाद में जब इस चमक की परतें उखड़ीं, तब भी शेयर बाजार के खेल ने करोड़ों मध्यवर्गीय युवाओं को अपनी किस्मत आजमाने के सपने में बांधे रखा। इससे किसका कितना नुकसान हुआ, यह अलग प्रश्न है। लेकिन लाभार्थियों के खातों में सरकारी धन पहुंचाने से लेकर शेयर बाजार में करोड़ों युवाओं की सट्टेबाजी तक, एक ऐसा सम्मोहन रचा गया जिसमें भक्ति पुख्ता होती गई। मंदिरों में चढ़ावा बढ़ता है वही उसी चढ़ावे से हिंदू राष्ट्र की दुकानों में भी चौतरफा रौनक है। सचमुच कलियुगी हिंदू राष्ट्र की स्थिरता की कई वजहों में एक कारण मंदिर, चढ़ावा, कृपा, पैसा, क्रोनीवाद और मार्केटिंग का वह मायाजाल है, जिसकी गहराई तभी समझ में आएगी जब लुटियंस दिल्ली के नए श्सेवा तीर्थय की परतों को कोई उधेड़े। लुटियन का नया इकोसिस्टम केवल जवाबदेही–विहीन नहीं है, बल्कि संस्थागत लूट की वह ऐतिहासिक व्यवस्था है कि यदि दिल्ली को लूटने वाले नादिरशाह या मुगल बादशाह भी उसे देखें तो शर्मिंदा हो जाएं। उन्होंने दिल्ली को लूट का मात्र चरागाह माना था, जबकि अब वह लूट का तीर्थ है। लेकिन मजाल जो कोई गंभीर सवाल उठे या दास्तान बाहर आए। उस नाते राम मंदिर से जुड़े विवाद या चंपत राय एंड पार्टी के प्रसंग बहुत छोटे हैं। वे तो केवल राजनीतिक हिसाब–किताब का हिस्सा हैं। असली खेल खरबपति क्रोनी पूंजीपतियों का है और ट्रंप, शी जिनफिंग, पुतिन जैसे उन वैश्विक नेताओं का है, जिन्होंने आर्थिक–सामरिक रिश्तों में भारत को सौ टका पराश्रित देश बना डाला है। पर–निर्भरता, लाचारी और गुलामी का एक नया वैश्विक मॉडल।

# मोदी सरकार के 'संकटमोचन'' हैं प्रह्लाद जोशी



गुलफिशा खान

शिक्षा मंत्री के पद से धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद खाद्य, नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले, नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। माना जा रहा है कि सितंबर–अक्तूबर में होने वाले मंत्रिपरिषद फेरबदल तक यह मंत्रालय उन्हीं के पास रहेगा। उसके बाद हो सकता है कि या तो कोई नया शिक्षा मंत्री आए या फिर जोशी ही इस पद पर बने रहें। पर यह कहना गलत नहीं होगा कि चाहे कुछ महीनों के लिए ही सही, जोशी ने कांटों का ताज पहना है। उन्होंने एक ऐसे समय शिक्षा मंत्रालय का काम संभाला है, जब यह चर्चा और विवादों का केंद्र बना हुआ है। वैसे भी पिछले 12 वर्षों में मोदी सरकार में सबसे अधिक मंत्री जिस मंत्रालय ने देखे हैं। उनमें सूचना एवं प्रसारण के साथ ही शिक्षा मंत्रालय भी है। स्मृति ईरानी, प्रकाश जावडेकर, रमेश पोखरियाल निशंक और धर्मेंद्र प्रधान के बाद अब प्रल्हाद जोशी। यानी पिछले बारह साल में वे पांचवे शिक्षा मंत्री हैं और कोई भी पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया है। हालांकि इनमें सबसे अधिक समय यानी पांच साल तक धर्मेंद्र प्रधान ही शिक्षा मंत्री रहे, लेकिन वे सरकार के दो अलग–अलग कार्यकालों में इस पद पर रहे हैं। भाजपा सरकारों में शिक्षा मंत्रालय पर इसलिए अधिक फोकस रहता है क्योंकि यह आरएसएस का पसंदीदा मंत्रालय है। विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति हो या अध्यापन के क्षेत्र में अन्य नियुक्तियां, आरएसएस की पसंद हावी रहती है। शिक्षा नीति से लेकर पाठ्यक्रम तय करने तक में संघ की चलती है। प्रधान इस लाइन पर ही चल रहे थे, लेकिन पहले यूजीसी दिशानिर्देशों पर विवाद, सीबीएसई परीक्षा मूल्यांकन में ओएमआर शीट को लेकर गड़बड़ियां और उसके बाद नीट पेपर लीक के कारण छात्र आंदोलन ने उनकी विदाई सुनिश्चित कर दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सफलतापूर्वक लागू किया और शिक्षा सुधारों को आगे बढ़ाया। देश के नए शिक्षामंत्री बने प्रह्लाद जोशी के बारे में कहा जा रहा है कि उनकी प्राथमिकता में सबसे ऊपर मंत्रालय की प्रशासनिक साख बहाल करना, परीक्षा प्रणाली में सुधार और नीतिगत फैसलों को पटरी पर लाना होगा। जोशी के एजेंडे में सबसे ऊपर राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी एनटीए का पुनर्गठन होगा क्योंकि प्रधान ने इस काम को अगले एक महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा है। नीट और नेट जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं में हुए विवादों के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए का कायाकल्प होना है। इसके लिए उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को लागू कर सुरक्षा प्रोटोकॉल, डिजिटल सुरक्षा और पूरी तरह पारदर्शी परीक्षा ढांचा तुरंत स्थापित करना होगा। जंतर मंतर पर आंदोलन करने वाले छात्रों के साथ सरकार को एक महीने बाद फिर से शिक्षा सुधारों को लेकर बातचीत करनी है। यह आश्वासन दिया गया है और सीजेपी की ओर से पांच मांगों का मांग पत्र भी सरकार को दिया गया है। इसमें एनटीए के स्थान पर स्थायी स्टाफ वाला कमीशन बनाना, पेपर लीक होने या परीक्षा रद्द होने पर हर छात्र को दस हजार रुपए का मुआवजा देना, आपात स्थिति में परीक्षा रद्द होने पर 72 घंटों में दोबारा परीक्षा कराना, ओएमआर की जगह फिजिकल मूल्यांकन कराना और राज्यों को यह छूट देना कि वह अपने कोटे की मेडिकल सीटों के लिए नीट परीक्षा से बाहर हो सके। जाहिर है सीजेपी इन मांगों के अमल पर बहुत बारीकी से ध्यान रखेगी और सरकार से जवाब–तलब कर सकती है। पांच राज्यों के आने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर इनमें से किसी भी मांग को पूरा न होने पर सीजेपी पंजाब और उत्तराखंड जैसे राज्यों में छात्रों को लामबंद करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी जिसका राजनीतिक खमियाजा भी भाजपा को उठाना पड़ सकता है। इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्रगति और अटकी फाइलों की समीक्षा भी करनी होगी. विशेषकर नए पाठ्यक्रम ढांचे और स्कूली पुस्तकों/सामग्रियों के समय पर प्रकाशन का जायजा भी लेना होगा। इसके अलावा प्रह्लाद जोशी को गैर–भाजपा शासित राज्यों के साथ नीतिगत सामंजस्य भी बैठाना होगा। शिक्षा समवर्ती सूची का विषय होने के कारण तमिलनाडु और केरल जैसे विपक्ष के शासन वाले राज्यों के साथ भाषा, बोर्ड परीक्षा और राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षाओं पर सहमति बनानी होगी। तमिलनाडु एक बार फिर नीट से बाहर जाने की मांग कर चुका है। साथ ही, उच्च शिक्षा संस्थानों में रिक्त पदों को भरना भी एक चुनौती होगी। केंद्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी और आईआईएम में शिक्षकों व प्रशासनिक पदों की रिक्तियों को तेजी से भरना होगा। अनुसंधान फंड के वितरण को पारदर्शी और सुलभ बनाना होगा ताकि भारतीय विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में सुधार हो सके। प्राथमिक शिक्षा में लर्निंग गैप कम करना भी शिक्षा मंत्रालय के सामने चुनौती बना हुआ है। एएसईआर रिपोर्ट में उजागर बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता के अंतर को दूर




करने के लिए राज्यों के साथ मिलकर ठोस कदम उठाना होगा। भारत एक युवा देश है। युवाओं और उनके अभिभावकों की अपेक्षाएं बहुत ऊंची हैं। किसी भी परीक्षा या भर्ती प्रक्रिया में छोटी सी चूक भी राष्ट्रीय स्तर पर जनाक्रोश का रूप ले लेती है जैसा कि नीट पेपर लीक के बाद देखने में आया है। यह एक हाई रिस्क, लो मार्जिन फॉर एरर वाला मंत्रालय है जिसमें सफलता का श्रेय धीरे–धीरे मिलता है, लेकिन एक छोटी सी विफलता (जैसे पेपर लीक या प्रशासनिक चूक) तुरंत बड़ा राजनीतिक और सामाजिक तूफान खड़ा कर देती है। शिक्षा नीति केवल इंफ्रास्ट्रक्चर या बजट तक सीमित नहीं है; यह देश के सांस्तिक, सामाजिक और वैचारिक ताने–बाने से जुड़ी है। इसलिए इसमें उठाया गया हर कदम राजनीतिक और बौद्धिक हलकों में कड़ी निगरानी में रहता है। प्रल्हाद जोशी के लिए सबसे पहली चुनौती किसी नई नीति को पेश करना नहीं, बल्कि मौजूदा प्रणाली में खोया हुआ जनता का विश्वास बहाल करना है। प्रतियोगी परीक्षाओं का सुचारू संचालन और हर हाल में पेपर लीक रोकना सुनिश्चित करना होगा। शिक्षा मंत्री का पद हमेशा से ही नीतिगत, सामाजिक और प्रशासनिक .ष्टि से सबसे जटिल और चुनौतीपूर्ण में से एक रहा है। इसलिए नए शिक्षा मंत्री का काम आसान रहने वाला नहीं है। वहीं जैसा कि उल्लेखनीय है कि शिक्षा मंत्री के रूप में धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद प्रह्लाद जोशी को यह मंत्रालय सौंप दिया गया है। प्रह्लाद जोशी भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और लंबे समय से सक्रिय राजनीति में हैं। कई मौकों पर वह पार्टी के लिए संकटमोचक की भूमिका भी निभा चुके हैं। प्रह्लाद जोशी का जन्म 27 नवंबर 1962 को कर्नाटक के विजयपुर में हुआ था। वह एक साधारण परिवार से आते हैं। उनके पिता स्वर्गीय वेंकटेश जोशी भारतीय रेलवे में कर्मचारी थे, जबकि उनकी मां का नाम मालतीबाई था। शुरुआती जीवन से ही प्रह्लाद जोशी की सामाजिक कार्यों में खास रुचि थी। आगे चलकर उन्होंने सामाजिक गतिविधियों के साथ–साथ एक छोटा उद्योग भी स्थापित किया और फिर सक्रिय राजनीति में कदम रखा। अगर उनकी पढ़ाई की बात करें तो उन्होंने शुरुआती शिक्षा रेलवे स्कूल से हासिल की। इसके बाद हुबली के न्यू इंग्लिश स्कूल से स्कूली शिक्षा पूरी की। फिर धारवाड़ के संबद्ध के.एस. आर्ट्स कॉलेज से उच्च शिक्षा प्राप्त की और हुबली से बैचलर ऑफ आर्ट्स (बीए) की डिग्री हासिल की। प्रह्लाद जोशी का राजनीतिक सफर भी संघर्षों से भरा रहा। उन्हें शुरुआत में कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं मिली। उन्होंने कर्नाटक में स्थानीय स्तर से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की। 1990 के दशक की शुरुआत में हुबली के ईदगाह मैदान पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के आंदोलन में भाग लेने के कारण वह पहली बार सुर्खियों में आए। इसके बाद भी वह कई छोटे–बड़े आंदोलनों और विरोध प्रदर्शनों के जरिए अपनी राजनीतिक पहचान मजबूत करते रहे। उनके राजनीतिक करियर की एक बड़ी उपलब्धि यह भी रही कि वह 2012 से 2016 तक भाजपा के कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष रहे। इसी दौरान कर्नाटक में भाजपा के संगठन का तेजी से विस्तार हुआ। पिछले कुछ वर्षों में प्रह्लाद जोशी केंद्र की राजनीति में भी एक बड़ा नाम बन चुके हैं। संसद में उन्हें दो दशक से अधिक का अनुभव है। 30 मई 2019 को वह पहली बार केंद्र सरकार में मंत्री बने। उस समय उन्हें संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई थी. इसके अलावा भी वह कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों का कार्यभार संभाल चुके हैं। अब देश की शिक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी भी उनके कंधों पर आ गई है।

# यूपी चुनाव के लिए ओवैसी ने खेला ''बड़ा दांव''



फरीद वारसी

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अभी कुछ महीनों का वक्त बाकी है। लेकिन राज्य का सियासी पारा अभी से चुनावी रंग लेता नजर आ रहा है। सभी राजनीतिक दलों ने अपनी कमर कस ली है, लेकिन इस बार सबसे ज्यादा आक्रामक नजर आ रही है असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम।पश्चिम उत्तर प्रदेश को अपना नया गढ़ बनाने की कवायद में जुटे ओवैसी ने अपनी रैलियों और जनसभाओं के जरिए मुस्लिम मतदाताओं के बीच अपनी जड़ें मजबूत करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में सहारनपुर से ओवैसी ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक ऐसा बम फोड़ा है, जिसने सियासी गलियारों में हलचल मचा दी है। गौरतलब है कि सहारनपुर की एक विशाल जनसभा के दौरान मीडिया को दिए एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में असदुद्दीन ओवैसी ने अपने इरादे पूरी तरह से साफ कर दिए हैं। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा सुप्रीमो मायावती को एक साथ आने का न्योता दिया है। ओवैसी ने खुले तौर पर कहा कि अगर यूपी में भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में आने से रोकना है, तो अखिलेश यादव और मायावती को एआईएमआईएम के सहारे की जरूरत पड़ेगी और हम इसलिए गठबंधन का प्रस्ताव देते हैं। ओवैसी का यह बयान साफ करता है कि वह यूपी में अकेले नहीं, बल्कि एक मजबूत गठबंधन के मोर्चे के साथ चुनाव लड़ने का वह एक प्रयास कर रहे हैं, उनका मानना है कि भाजपा को सत्ता से रोकने के लिए इन तीनों ताकतों का एक मंच पर आना समय की मांग और जरूरत हैं ताकि मिलकर भाजपा को वह रोक सके. हालांकि अब गेंद पूरी तरह से मायावती और अखिलेश यादव के पाले में जा चुकी है। मालूम हो कि ओवैसी भले ही यूपी की सियासत में लंबे समय से मुस्लिम मतदाताओं को साधने की कोशिश कर रहे हों, लेकिन जमीनी और चुनावी आकड़ों की सच्चाई यह है कि पिछले चुनावों में उनका वोट शेयर महज 0.46 प्रतिशत तक ही सिमट कर रह गया था। हालांकि, इस बार हालात अलग हैं. पार्टी जमीनी स्तर पर पहले से ज्यादा मजबूत और संगठित होने की कोशिश में जुटी दिखाई दे रही है। चुनावी अंकगणित को अपने पक्ष में करने के लिए ही ओवैसी गठबंधन की राजनीति पर जोर दे रहे हैं। इससे पहले बिहार विधानसभा चुनाव में भी ओवैसी ने राजद और कांग्रेस के सामने गठबंधन का प्रस्ताव रखा था, लेकिन तब बात नहीं बन पाई थी। बावजूद इसके, बिहार में ओवैसी की पार्टी ने 5 सीटें जीतकर सबको चौंका दिया था। अब देखना यह है कि क्या अखिलेश और मायावती ओवैसी के इस खुले ऑफर को स्वीकार करेंगे या यूपी में एक नया सियासी समीकरण बनेगा? फिलहाल दोनों ही पार्टियों की तरफ से इस पर कोई अंतिम फैसला नहीं आया है ना की कोई बयान जारी किया गया है। इंटरव्यू के दौरान ओवैसी से उनके ऊपर लगने वाले भाजपा की बी टीम के आरोपों पर सवाल किया गया, तो उन्होंने कांग्रेस पर जोरदार पलटवार किया। ओवैसी ने कांग्रेस के दोहरे मापदंडों की पोल खोलते हुए तीखा तंज कसा। ओवैसी ने यह भी पूछा, जो लोग मुझे आज भाजपा की बी टीम कहते हैं, वो फिर तेलंगाना के जुबली हिल्स में हमारे समर्थन को खुशी–खुशी क्यों स्वीकार कर लेते हैं? कांग्रेस पर अपना हमला जारी रखते हुए एआईएमआईएम चीफ ने मुस्कुराते हुए कहा, मुझे यह देखकर बहुत अच्छा लगता है कि आज देश की सबसे पुरानी



पार्टी कांग्रेस, एआईएमआईएम की बढ़ती ताकत से खौफ खाती है और डरती है वही कई चुनावो को हारने का तंज कसते हुए ओवैसी ने कांग्रेस को घेरा। बहरहाल कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि उत्तर प्रदेश का यह चुनावी रण अब बेहद दिलचस्प मोड़ पर आ खड़ा हुआ है. ओवैसी ने अपनी तरफ से गेंद अखिलेश यादव और मायावती के पाले में डाल दी अब फैसला बुआ–भतीजे को करना होगा। एक ओर कांग्रेस और सपा के बीच भी पिछले कई दिनों से तल्खी बढ़ती जा रही है वहीं अखिलेश लगातार राम मंदिर के मुद्दे पर भाजपा को घेरते दिख रहे हैं। कई मुद्दों पर अखिलेश यादव, राहुल गांधी और ओवैसी भाजपा को घेरते दिखाई दे रहे हैं लेकिन सवाल अब यह बन गया है कि क्या यूपी में एक नए महागठबंधन का उदय होगा? क्या मुस्लिम वोट बैंक किसी एक तरफ जाएगा या इसमें बिखराव आएगा? इन सभी सवालों के जवाब आने वाले 7 महीनों की सियासत और समय तय करेगा। तो वहीं दूसरी ओर बीते दिनों ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सूबे की सियासत और आगामी चुनाव की रणनीतियों पर लेकर बात की। इसके साथ ही उन्होंने आगामी चुनाव को लेकर इशारों–इशारों में विपक्ष को मैसेज भी दे दिया। ओवैसी ने जनता से मुखातिब होते हुए कहा, मेरी आपसे बस एक ही अपील है, एकता बनाए रखें। दिल्ली में आज जो बदलाव आया है, उससे आपने देखा है कि ताकतवर लोग कमजोरों के सामने झुकते हैं। दुनिया ने ताकतवर पर कमजोर की जीत देखी है। हम सफल होंगे और उत्तर प्रदेश विधानसभा में भी अपनी आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि मैं उन छात्रों को सलाम करता हूं जो हतों तक जंतर–मंतर पर बैठे रहे और इतने पक्के इरादे के साथ अपनी आवाज उठाई कि मोदी को आधी रात को वीडियो बनाना पड़ा। यह एकता की ताकत है। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, मैंने यह पहले भी कहा है और फिर कह रहा हूं, मजलिस नहीं चाहती कि उत्तर प्रदेश में भाजपा दोबारा सरकार बनाए। मैं हाथ मिलाने को तैयार हूं। मैं गठबंधन करने को तैयार हूं। आज बात करने का वक्त है। चुनाव खत्म होने के बाद रोना नहीं। हम नहीं चाहते कि भाजपा दोबारा सत्ता में आए। तुम कहते हो ना कि ओवैसी के चुनाव लड़ने से हमें नुकसान होगा। मैं आपके साथ मिलकर लड़ने को तैयार हूं। एआईएमआईएम चीफ ने कहा, हमारी लड़ाई कभी किसी धर्म के खिलाफ नहीं थी और न ही कभी होगी। हमारी लड़ाई हमारी इज्जत के लिए है। हमारी लड़ाई इंसाफ के लिए है। अब हम दरी बिठाकर नीचे नहीं बैठना चाहते। अब हमें बराबरी चाहिए। अगर अखिलेश उस कुर्सी के सामने बैठेंगे, तो ओवैसी भी उस कुर्सी के सामने पैर पर पैर डालकर बैठेंगा। इस दौरान असदुद्दीन ओवैसी ने देश के युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, भारत में हमारी 65 फीसदी आबादी 35 साल से कम उम्र की है और 50 फीसदी आबादी 25 साल से कम उम्र की है। हमारी कोशिश होगी कि आने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में हमारी पार्टी युवाओं को उम्मीदवार बनाए, जिससे वे निडर होकर आपकी बात रख सकें। ओवैसी ने कहा, कोशिश यह भी होगी कि जब 2029 के चुनाव हों, तो भारत का प्रधानमंत्री कोई 80 साल का बुजुर्ग न बने, बल्कि 40 या 45 साल का कोई युवा इस देश का प्रधानमंत्री बने। यही हमारी कोशिश होगी।

## रोजगार निजी अनुबंध पर टिका

कोई नाविक किसी खास रूट (जैसे होरमुज) से गुजरने से मना करता है, तो कंपनी उसका अनुबंध रद्द कर सकती है या श्ब्लैकलिस्टय कर सकती है। इससे उसका भविष्य दांव पर लग सकता है। भारत सरकार ने पश्चिम एशिया में भारतीय नाविकों के हमलों का शिकार बनने के बाद भारतीय नाविकों की सुरक्षा के लिए श्सीफेयरर–फर्स्ट आपातकालीन सुरक्षा योजनाय लागू की है। शिपिंग कंपनियों और भर्ती एजेंसियों को अगले निर्देश तक होरमुज मार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर भारतीय नाविकों को तैनात ना करने के निर्देश दिए गए हैं। मगर क्या इससे भारतीय नाविक सचमुच सुरक्षित हो जाएंगे? ये सवाल इसलिए अहम है, क्योंकि कागजी सरकारी आदेश और समुद्र की कड़वी हकीकत में कोई मेल नज़र नहीं आता। इसलिए अंदेशा गहरा है कि इस सरकारी पहल को लागू करना मुश्किल साबित होगा। नाविक शिपिंग कंपनियों (या उनकी नौकरी भर्ती एजेंसियों) के कर्मचारी होते हैं, भारत सरकार के नहीं। उनका रोजगार निजी अनुबंध पर टिका होता है। नाविक किसी विदेशी या भारतीय शिपिंग कंपनी या किसी थर्ड–पार्टी मैनिंग एजेंसी के साथ छह से नौ महीने का कांट्रैक्ट साइन करते हैं। इसके तहत कोई नाविक किसी खास रूट (जैसे होरमुज) से गुजरने से मना करता है, तो कंपनी उसका अनुबंध रद्द कर सकती है या श्ब्लैकलिस्टय कर सकती है। इससे उसका भविष्य दांव पर लग सकता है। नौवहन बाजार में भी काम पाने भारी होड़ है। यही कारण है कि नाविक अक्सर जोखिम लेकर भी कहीं जाने को तैयार हो जाते हैं। दुनिया में तमाम नाविकों के बीच भारतीयों की संख्या लगभग 17 प्रतिशत है। जबकि अधिकांश जहाज पनामा, लाइबेरिया, या मार्शल आइलैंड्स जैसे देशों के झंडे तले रजिस्टर्ड हैं, भले उनके मालिक किसी देश के हों। ऐसे में भारतीय नाविकों पर उस देश का कानून लागू होता है, जिसके नाम पर जहाज पंजीकृत है। भारत सीधे किसी विदेशी जहाज के रूट को लेकर दखल नहीं दे सकता। तो फिर सरकार इस फैसले को लागू कैसे करवाएगी? अधिक से अधिक वह रिक्रूटमेंट और प्लेसमेंट एजेंसियों एजेंसियों पर दबाव डाल सकती है कि वे नाविकों को जबरन खतरे वाले क्षेत्रों में ना भेजें। नाविकों को श्राइट टू रिफ्यूजय के तहत युद्ध क्षेत्र में जाने से इनकार करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। लेकिन वे ऐसा करियर को दांव पर लगाते हुए ही कर पाएंगे। यही इस मामले का पेच है।

## बैंक व एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था पर पुलिस की पैनी नजर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में कानून–व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस ने मंगलवार को सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक बैंक एवं एटीएम चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बैंकों और एटीएम केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के सभी थाना



प्रभारियों एवं थानाध्यक्षों ने अपने–अपने क्षेत्रों में स्थित बैंक शाखाओं और एटीएम केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान बैंक परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अलार्म सिस्टम, सुरक्षा गार्डों की तैनाती तथा अन्य सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधकों और सुरक्षा कर्मियों को संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क निगरानी रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए। साथ ही बैंक और एटीएम के आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की भी सघन चेकिंग की गई। अभियान के दौरान आमजन को भी जागरूक करते हुए बैंक से धनराशि निकालते या जमा करते समय सतर्क रहने, अजनबियों से दूरी बनाए रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस को देने की अपील की गई। इटावा पुलिस का यह अभियान जनपद में बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराधों की रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## महिला जिला अस्पताल के सामने फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा

### – नगर पालिका व प्रशासन मौन

न्यूज वाणी ब्यूरो

रायबरेली। शहर के महिला जिला अस्पताल के सामने आम जनता और मरीजों के पैदल चलने के लिए बनाई गई इंटरलॉकिंग पटरी अब दुकानदारों के कब्जे में आ गई है। नगर पालिका द्वारा लाखों रुपये खर्च कर राहगीरों की सुविधा के लिए सड़क किनारे फुटपाथ बनाया गया था, लेकिन प्रशासनिक अनदेखी के चलते यह पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में है। मरीजों और तीमारदारों की बढ़ीं मुश्किलें महिला अस्पताल में रोजाना सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और मरीज इलाज के लिए आते हैं। फुटपाथ पर दुकानदारों द्वारा सामान



फैलाकर अतिक्रमण कर लेने के कारण पैदल चलने वालों के लिए रास्ता ही नहीं बचा है। मजबूरी में लोगों को व्यस्त मुख्य सड़क पर चलना पड़ता है, जिससे हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। सड़क पर वाहनों के दबाव और फुटपाथ पर कब्जे के कारण आए दिन जाम की स्थिति पैदा हो रही है।प्रशासनिक उदासीनता पर उठ रहे सवाल हैरानी की बात यह है कि अस्पताल के ठीक सामने दिन–रात जारी इस अवैध कब्जे पर नगर पालिका परिषद और जिला प्रशासन ने चुप्पी साध रखी है। अधिकारियों का ध्यान कई बार इस समस्या की ओर आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। नगर पालिका की इस सुस्ती से कब्जाधारियों के हौसले बुलंद हैं। अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग स्थानीय निवासियों, मरीजों और उनके तीमारदारों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि महिला अस्पताल के सामने तुरंत अभियान चलाकर इस इंटरलॉकिंग फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, ताकि राहगीरों को सुरक्षित रास्ता मिल सके और हादसों पर रोक लग सके।

## गो सम्मान अभियान के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब

### – दो लाख हस्ताक्षरों वाला ज्ञापन राष्ट्रपति, पीएम, राज्यपाल व सीएम के नाम डीएम को सौंपा

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। गो हत्या पर प्रभावी रोक लगाने और गाय को सम्मान दिलाने की मांग को लेकर मंगलवार को गो सम्मान अभियान के तहत संतों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में गौ भक्त एवं कार्यकर्ता बछिया के साथ कीर्तन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल को संबोधित दो लाख लोगों के हस्ताक्षरों वाला ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने से पूर्व अभियान से जुड़े लोगों ने कलेक्ट्रेट परिसर की परिक्रमा की तथा गौ हत्या बंद हो, गाय का हो सम्मान जैसे नारों के साथ अपनी मांगों को बुलंद किया। जिला अभियान प्रमुख उर्मिला भदौरिया ने बताया कि दो लाख हस्ताक्षरों का संपूर्ण डाटा जिलाधिकारी को सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य गौ संरक्षण के प्रति



जनजागरण के साथ सरकार तक जनता की भावनाओं को पहुंचाना है। गो सम्मान अभियान के प्रभारी शिशुपाल सिंह ने कहा कि बड़ी संख्या में गायें सड़कों पर घूम रही हैं, जिससे वे दुर्घटनाओं का शिकार हो रही हैं। उन्होंने गौवंश के संरक्षण के लिए प्रभावी व्यवस्था, गो हत्या पर सख्त रोक, गौ सेवा के लिए केंद्रीय कानून लागू करने तथा गोचर बोर्ड के गठन की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि यह अभियान संत राजेंद्र दास, रमेश बाबा तथा .ष्ण गोपाल दास महाराज के सानिध्य में संचालित किया जा रहा है। ज्ञापन कार्यक्रम में जिला सह प्रभारी पीयूष कुमार राजपूत, सूरज सूर्य राजपूत, गौ सेवक आकांक्षा गुप्ता, अर्चना भदौरिया, रीता सेंगर, निशा सिंह, मेघा कुशवाहा, देव गुप्ता तथा गोपुत्र वीर बहादुर सिंह चौहान, सुमित यादव, नितिन, प्रिंस, बॉबी राजपूत, विशाल, अमन, अंशु, प्रबल, सोनू, विकास त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में गौ भक्त उपस्थित रहे।

## प्रेम सदभाव व सामाजिक सौहार्द के साथ मनाएं पर्व : डीएम

### - पीस कमेटी की बैठक में डीएम ने दिए दिशा-निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों पर्वो के दौरान कानून–व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति, साफ–सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित विभागों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। डीएम ने चरखारी से गौरहारी मार्ग को ठीक किये जाने तथा कबरई तिराहे से मटौंध मार्ग पर गड्ढे भरवाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने किराड़ी फाटक से कबरई मार्ग के गड्ढे भरवाये जाने तथा ट्रैफिक मैनेजमेंट की समुचित व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारियों को सड़कों की मरम्मत कराये जाने एवं झाड़ियों की कटाई कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सभी आवश्यक दवाईयां अस्पतालों में उपलब्ध रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने झलकारी बाई तिराहे के पास पाइपलाइन को




तत्काल एक सप्ताह में ठीक कराए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने नरसिंह कुटी के सामने रोड ठीक कराये जाने तथा नेहरू बाल विद्या मंदिर का रोड भी सही कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने हमीरपुर चुंगी तिराहा एवं जिला अस्पताल के पास अतिक्रमण हटाए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने चेहल्लुम के अवसर पर ताजिए एवं जुलूस निकलने वाले रूट का निरीक्षण करने एवं विद्युत के तारों को ठीक कराये जाने के संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।उन्होंने कंवाद यात्रा वाले मार्गो को दुरुस्त करने एवं सड़क को मोटरेबल करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध सूचना की तत्काल प्रशासन अथवा पुलिस को जानकारी दें। बैठक में उपस्थित सभी धर्मगुरुओं एवं शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा आपसी भाईचारे एवं सौहार्द की भावना बनाए रखते हुए दोनों पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का संकल्प व्यक्त किया। प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि सभी लोग आपसी प्रेम, सद्भाव एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखते हुए प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करें तथा किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व कुंवर पंकज, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विनय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सूर्यकान्त त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह सहित जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी, धर्मगुरु, शांति समिति के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एडीजे एफटीसी कोर्ट ने पांच आरोपियों को सुनाई उम्रकैद की सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते अपहरण एवं हत्या के बहुचर्चित मामले में एडीजे/एफटीसी कोर्ट ने पांच आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने सभी दोषियों पर 50–50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। पुलिस के अनुसार थाना सिविल लाइन क्षेत्र में 10 सितंबर 2023 को एक व्यक्ति का जबरन अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में थाना सिविल लाइन पर मु.अ.सं. 211/2023 के तहत धारा 364, 302, 201 एवं 120–बी भारतीय दंड संहिता में मुकदमा दर्ज किया गया था।



विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। इसके बाद थाना सिविल लाइन पुलिस, पैरोकार, मॉनिटरिंग सेल तथा अभियोजन पक्ष द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी और साक्ष्यों के प्रस्तुतीकरण के परिणामस्वरूप एडीजे, एफटीसी कोर्ट ने सभी आरोपियों को दोषसिद्ध करार देते हुए आजीवन कारावास एवं 50–50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। सजायाता दोषियों में मुकेश कुमार और निरोत्तम निवासी नौगवां, थाना चित्राहाट तथा गन्दर्भ सिंह उर्फ पप्पू, हरिओम और आरती निवासी अण्डावली, थाना बलरई शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गंभीर अपराधों में दोषियों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी का अभियान लगातार जारी है, ताकि अपराधियों के विरुद्ध त्वरित एवं सख्त न्याय सुनिश्चित किया जा सके।

## खाद्य विभाग की टीम ने आटा मिलों पर की सघन छापेमारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी के कडे निर्देशों पर कार्यवाही जारी है। टूण्डला की आटा मिलों पर सघन निरीक्षण और छापेमारी कर कुल तीन नमूने संकलित। आटा मिलों पर कमीं पाये जाने



पर उत्पादन पर लगायी रोक। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियों जिसमें आट मिलों द्वारा आटे में पत्थर का चूरा/सेल खडी की सूचना प्राप्त हुयी थी, जिस पर जिलाधिकारी के जॉच आदेशों पर सहायक आयुक्त चन्दन पाण्डेय द्वारा गठित टीमों द्वारा जनपद की समस्त आटा मिलों के सघन निरीक्षण हेतु विशेष टीमों का गठन किया गया। टीम द्वारा सर्वप्रथम टूण्डला में राजुल फलोर मिल पर औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण में साफ सफाई के साथ साथ कच्चे एवं तैयार माल के रख रखाव में कमी पायी गयी, इसके अतिरिक्त कार्यरत कर्मचारियों के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र नहीं होना, स्टॉक रजिस्टर का व्यवस्थित नहीं होना आदि कमियां पायी गयी, टीम द्वारा मौके से आटे का नमूना लिया गया है। कारोबारकर्ता को सुधार नोटिस निर्गत कर सुधार करने हेतु कडे निर्देश निर्गत किये गये हैं साथ ही सुधार कर लेने तक उनके आटा उत्पादन पर प्रतिबंधा लगाया गया है। इसी प्रकार टूण्डला में अग्रवाल आटा चक्की पर निरीक्षण कर आटे का एक नमूना लिया तथा निरीक्षण में पायी गयी कमियों के सापेक्ष सुधार नोटिस एवं सुधार करने तक उत्पादन पर प्रतिबंध लगाया गया। गढी असरा, टूण्डला में देवेन्द्र आटा मिल से निरीक्षण कर आटे का एक नमूना लिया गया तथा सुधार नोटिस निर्गत किया गया। सहायक आयुक्त चन्दन पाण्डेय ने बताया कि वायरल वीडियो के बाद जनपद में स्थापित कुल 18 आटा मिलों का सघन निरीक्षण किया जायेगा तथा सुधार नहीं करने की दशा में लाइसेंस निलम्बन एवं उत्पादन पर प्रतिबंध लगाये जाने की कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी के कावंड मार्ग से सम्बन्धित आदेशों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कडी निगरानी। जनपद के टूण्डला, सदर और शिकोहाबाद क्षेत्र के कांवड मार्ग पर खाद्य प्रतिष्ठानों की चेकिंग हेतु खाद्य विभाग द्वारा बिन्दुवार निगरानी रखी जा रही है, जिसमें प्रतिष्ठान की साफ सफाई, खाद्य पदार्थों की एक्सपायरी डेट, खाद्य सामग्री का रख रखाव, पेयजल की शुद्धता, डस्टबिन का प्रयोग, खाद्य कारोबारी की व्यक्तिगत स्वच्छता, खाद्य पदार्थों की उचित मूल्यध्रेट लिस्ट का डिस्पले होना आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर अलग अलग टीमों का गठन कर उन्हें कावंड मार्ग पर निरीक्षण एवं कडी निगरानी हेतु सख्ती से निर्देश निर्गत किये गये हैं। कावंड मार्ग पर जाने वाले श्रद्धालुओं से अपील अधिकांशतः चलते रहने, थके होने पर गरिष्ठ भोजन ग्रहण करने से उल्टियां होने, कपच होने की संभावनाएँ बनी रहती है, ऐसे में श्रद्धालुओं से अपील है कि वह थक जाने पर थोडी देर विश्राम करने के बाद भोजन व प्रसाद आदि ग्रहण करें।

## विवाद में किशोर पर चाकू से हमला, तीन लोगों पर मुकदमा

न्यूज वाणी ब्यूरो

चांदपुर, बिजनौर। क्षेत्र के गांव हीमपुर बुजुर्ग में ताश खेलने को लेकर हुए विवाद में 13 वर्षीय किशोर पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल किशोर का उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी मोहम्मद नईम का पुत्र सानिब रविवार शाम करीब पौने आठ बजे घर से दुकान पर सामान लेने गया था। इसी दौरान रास्ते में उसके एक परिचित किशोर ने उसे रोक लिया। आरोप है कि दोनों के बीच ताश खेलने के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद आरोपी ने धारदार हथियार से सानिब के पेट पर वार कर दिया। घायल किशोर किसी तरह घटनास्थल से भागा, लेकिन कुछ दूरी पर पहुंचकर बेहोश होकर गिर पड़ा। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पहले उसे स्थानीय चिकित्सक के पास पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर उसे चांदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल बिजनौर रेफर कर दिया। पीड़ित के पिता मोहम्मद नईम ने आरोपी किशोर, उसके पिता सहित तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। परिवार ने आरोपियों से जान–माल का खतरा बताते हुए पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक सिंह ने बताया कि मामले में तीन आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की गिरतारी के लिए पुलिस टीम कार्रवाई में जुटी है और जल्द ही उन्हें गिरतार कर लिया जाएगा।

## हाईवे के ढाबों पर छापेमारी, तीन बालकों को बालश्रम से कराया मुक्त

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में बालश्रम उन्मूलन अभियान के तहत मंगलवार को जसवंतनगर क्षेत्र में हाईवे स्थित विभिन्न ढाबों पर संयुक्त छापेमारी कर तीन नाबालिग बालकों को बालश्रम से मुक्त कराया गया। अभियान जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक श्रमायुक्त कुलदीप सिंह के संयोजन में चलाया गया। संयुक्त टीम का नेतृत्व श्रम प्रवर्तन अधिकारी अतुल श्रीवास्तव ने किया। टीम में वरिष्ठ



सहायक प्रवीण कुमार, बाल संरक्षण विशेषज्ञ प्रेम कुमार शाक्य तथा एएचटीयू प्रभारी उपनिरीक्षक रफीक अहमद शामिल रहे। टीम ने आगरा रोड स्थित कई ढाबों का सघन निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान जोधपुर राजस्थानी ढाबा से बाराबंकी निवासी लगभग 16 वर्षीय एक बालक को बालश्रम करते हुए मुक्त कराया गया। वहीं अमृतसरी ढाबा से कन्नौज जनपद के 16 एवं 17 वर्षीय दो किशोरों को भी बालश्रम से मुक्त कराया गया। अधिकारियों ने सभी मुक्त कराए गए बालकों का आवश्यक विवरण दर्ज कर उन्हें नियमानुसार संरक्षण एवं पुनर्वास की प्रक्रिया के लिए अग्रिम विधिाक कार्रवाई की। टीम ने स्पष्ट किया कि बालश्रम कराना कानूनन अपराध है और ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान होटल, ढाबा, प्रतिष्ठान एवं अन्य व्यावसायिक संस्थानों के संचालकों से अपील की गई कि वे किसी भी नाबालिग से श्रम न कराएं। यदि कहीं बालश्रम कराया जा रहा हो तो इसकी सूचना तत्काल श्रम विभाग, पुलिस अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दें, ताकि बच्चों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। अभियान में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से बिलाल अहमद तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) से पीएलवी लालमन और राजेंद्र सिंह ने भी सहयोग प्रदान किया।

## लाईओवर निर्माण कंपनी को बिना राजस्व वसूली के जमीन उपलब्ध कराने की हो जांच : सौली

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिले में फ्री में जमीन उपलब्ध कराई जा रही है टेंडर होने से पहले दीवार लगाई जा रही है सौली भईया भारतीय जनता पार्टी बताए आखिर कौन मनमानी और भ्रष्टाचार की अगुवाई कर रहा है। सौली भईया समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली ने कहा कि चर्चा में आ रहा है कि सुहाग नगर जैन मंदिर लावर ओवर निर्माण कंपनी को सामान रखने मजदूरों को रहने गोदाम बनाने आदि के लिए बीघो के हिसाब से जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज द्वारा निशुल्क जमीन उपलब्ध करा दी गई है जिससे राजस्व का भारी



नुकसान हुआ है उन्होंने कहा कि लगभग 74 करोड़ की लागत से लाईओवर निर्माण हो रहा है जिसकी लागत 80 से 90 करोड़ भी जा सकती है फिर भी फुल निर्माण करने वाली कंपनी पर जिला चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज ने लगभग एक डेढ़ साल के लिए इतनी बड़ी जमीन का हिस्सा गोदाम बनाने के दे दिया जहां कंपनी ने सबमर्सिबल पंप और पक्का निर्माण भी कर लिया जिसकी एवज में जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज द्वारा कोई राजस्व वसूली नहीं की गई जिससे मेडिकल कॉलेज को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ इस नुकसान और भ्रष्टाचार की जांच होनी चाहिए उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि फिरोजाबाद में यह गजब खेल हो रहा है फ्री में जमीन उपलब्ध कराई जा रही है दीवार पहले लग रही है टेंडर बाद में हो रहा है भारतीय जनता पार्टी बताए कि कौन इतने बड़े स्तर पर मैनेजमेंट कर रहा है इस मनमानी और भ्रष्टाचार के लिए कौन पॉलिटिकल लीडर जिम्मेदार हैइस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉ मुजाहिद खान श्री के सी गौतम जनाब सिराज सलीम बेग जनाब हाशिम अली जनाब जीशान बेग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जॉच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, रतौंधी, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व सापट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं काम की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद
जी.टी. रोड, फतेहपुर
MBBS. (H) P.M.P
हाजी खलीक अहमद जाफरी
सम्पादक कारखाने हक
9415065213
एफ.ए.जाफरी
D.R. (Opt.)
7379440876

# 31 जुलाई को संसद घेरेंगे ठगी पीड़ित जमाकर्ता

## – जनपद से पांच हजार निवेशक जाने का किया दावा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार की ओर से निवेशकों की समस्याओं और धनराशि वापस दिलाने की मांग को लेकर 31 जुलाई को दिल्ली के जंतर–मंतर पर धरना–प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद संसद घेराव कर सरकार का ध्यान निवेशकों की समस्याओं की ओर आकर्षित किया जाएगा। पिछले 23 माह से नहर कॉलोनी परिसर में धरना दे रहे संगठन के जिलाध्यक्ष सूरज दीन विश्वकर्मा ने बताया कि दिल्ली में प्रस्तावित आंदोलन में फतेहपुर जिले से करीब पांच हजार निवेशक शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि निवेशक परिवार लंबे समय से अपनी जमा पूंजी वापस दिलाए जाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहा है। 31 जुलाई को दिल्ली में होने वाले प्रदर्शन के दौरान सरकार से बड्स एक्ट को प्रभावी रूप से लागू करने की मांग प्रमुखता से उठाई जाएगी। संगठन का कहना है कि ठगी करने वाली चिटफंड कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई कर उनकी संपत्तियों को जब्त करने तथा उससे निवेशकों की धनराशि वापस कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में बड्स एक्ट बनाया था, जिसका उद्देश्य अनियमित जमा योजनाओं के माध्यम से होने वाली ठगी पर रोक लगाना और पीड़ित निवेशकों को राहत दिलाना है। इसके बावजूद निवेशकों को अपनी जमा रकम वापस पाने के लिए लंबे समय से आंदोलन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह विभिन्न मुद्दों को लेकर आंदोलन और धरने के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित किया जाता है, उसी तर्ज पर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार भी दिल्ली में बड़ा आंदोलन करेगा। उन्होंने जिले के निवेशकों से 31 जुलाई को दिल्ली पहुंचकर आंदोलन में भाग लेने की अपील की। सूरज दीन विश्वकर्मा ने केंद्र सरकार से मांग की कि बड्स एक्ट को पूरी तरह प्रभावी ढंग से लागू कर ठगी पीड़ित निवेशकों की जमा धनराशि वापस दिलाई जाए, ताकि वर्षों से आर्थिक संकट झेल रहे परिवारों को राहत मिल सके।

# नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले चार अभियुक्त को तीन वर्ष का कारावास

## – न्यायालय ने 2500 रुपये जुर्माना भी लगाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के क्रम में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराधों के मामले में अभियुक्तों को कड़ी सजा दिलाये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में वर्ष–2021 में थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत नाबालिग से छेडछाड करने वाले अभियुक्त को न्यायालय द्वारा दिलाई गई 03 वर्ष के कारावास व जुर्माने से दण्डित कराया गया। प्रकरण में अन्य चार अभियुक्तों को 01–01 वर्ष के कारावास व कुल 6000 रुपए के जुर्माने से दण्डित कराया गया है।




गौरतलब हो कि 20 जुलाई 2021 को थाना कोतवाली नगर पर एक व्यक्ति द्वारा नाबालिग के साथ छेड़छाड़, फोन पर अश्लील बातें करने व पीडित परिवार को जान से मारने की धमकी देने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। इस सम्बन्ध में पीड़िता की माँ की तहरीर पर थाना कोतवाली नगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजी.त किया गया था। जिसकी विवेचना उ0नि0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा सम्पादित की गयी। विवेचना के क्रम में विवेचक द्वारा प्रभावी विवेचना करते हुए आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था। विवेचना के क्रम में विवेचक द्वारा प्रभावी विवेचना करते हुए आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था। लोक अभियोजक शिवपूजन सिंह व सुनील कुमार गुप्ता द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई साथ ही कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी अमित सिंह तथा पैरोकार आरक्षी अभिलाष यादव के अथक प्रयासों से न्यायालय द्वारा धारा 147, 354, 504, 504 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट में मुख्य अभियुक्त मोनू पुत्र प्यारेलाल निवासी कंचनपुरवा थाना कोतवाली नगर, उपमा पत्नी मोनू निवासी कंचनपुरवा, अजय पुत्र प्यारेलाल निवासी कंचनपुरवा, संजय पुत्र भउवा निवासी छिलोलर थाना को 03 वर्ष के कारावास व 2500 रुपए के अर्थदण्ड तथा अन्य 04 अभियुक्तो को 01–01 वर्ष के कारावास व कुल 6000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

# बीज व्यवसायी फर्मो-डीलरों को तत्काल आईडी-पासवर्ड लें

## – निर्देश का शत–प्रतिशत पालन जरूरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

हापुड़। .षि निदेशालय उत्तर प्रदेश ने बीज उत्पादन, प्रमाणीकरण और वितरण की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल व पारदर्शी बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा विकसित साथी पोर्टल पर सभी संबंधित पक्षों को अनिवार्य रूप से ऑनबोर्ड होने का निर्देश दोहराया है।



इसका उद्देश्य किसानों को शुद्ध व उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराना है। निदेशालय के कार्यालय ज्ञाप संख्या एसएफ/1082–टी 01 जुलाई के अनुसार प्रदेश के समस्त डिस्ट्रीब्यूटर, डीलर, बीज व्यवसायी, फर्म व कंपनियों को 31 जुलाई 2026 से पूर्व साथी पोर्टल पर ऑनबोर्ड होकर ही बीज उत्पादन, स्टॉक प्रबंधन, स्थानांतरण व बिक्री करनी होगी। 18 जुलाई को आयोजित बैठक व पोर्टल के अवलोकन से पता चला है कि अभी भी कई बीज व्यवसायी फर्में ऑनबोर्ड नहीं हुई हैं और व्यवसाय शुरू नहीं कर पाई हैं। जिला .षि अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि .षि निदेशालय के सभी आदेशों का शत–प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी फर्म, कंपनी, डीलर, रिटेलर या डिस्ट्रीब्यूटर को पोर्टल के लिए आईडी और पासवर्ड नहीं मिला है अथवा संचालन में कोई असुविधा हो रही है तो वे तुरंत संबंधित लाइसेंस प्राधिकारी कार्यालय से संपर्क करें।

# तिंदवारी नगर पंचायत के भ्रष्टाचार पर जेडीयू ने उठाए सवाल

## - डीएम को सौंपा ज्ञापन, उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनता दल यूनाइटेड के पदाधिकारियों ने सोमवार को जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ पिंकी प्रजापति के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नगर पंचायत तिंदवारी में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और जनसमस्याओं की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि नगर पंचायत में अराजकता और भ्रष्टाचार का बोलबाला है, जिससे आम जनता त्रस्त है। संगठन ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मांग किया कि कबीर नगर में श्मशान घाट के पास और अच्छे लाल बाल्मीकि वाले रास्ते का निर्माण तत्काल कराया जाए, नगर पंचायत कार्यालय के सामने वर्ष 2024 में उद्घाटन हुआ रास्ता आज तक अधूरा पड़ा है, उसे पूरा किया जाए, नगर में घूम रहे आवारा गोवंशों को पकड़कर गौशाला में संरक्षित



किया जाए, रामनगर में पानी की टंकी के पास युवाओं के लिए खेल का मैदान और आधुनिक लाइब्रेरी बनवाई जाए, पुराने नगर पंचायत कार्यालय परिसर में छात्रों के अध्ययन के लिए व्यवस्था की जाए, गरीब वृद्ध, विधवा और विकलांगों की रुकी हुई पेंशन तत्काल जारी की जाए, शंकरनगर में बंद पड़े नाले की जांच कर उसे सुचारू किया जाए, जेडीयू ने मांग की कि पिछले 3 वर्षों में हुए सभी निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय जांच हो। एक माह में ध्वस्त हुए नालों की टेक्निकल आडिट सेल से जांच कराई जाए। श्मशान घाट की बाउंड्रीवाल और बुधन तालाब के निर्माण की गुणवत्ता जांची जाए। आरोप लगाया गया कि चेयरमैन प्रतिनिधि द्वारा अपने चहेतों को फंड से अवैध वेतन दिया जा रहा है और सुमेरपुर में भ्रष्टाचार के पैसों से निजी फैक्ट्री बनवाई जा रही है। सफाई कर्मियों से सफाई की जगह ईंट–गारा ढुलवाया जा रहा है, जिससे नगर में गंदगी है। ज्ञापन में कहा गया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले युवाओं को दबंगों द्वारा धमकियां दी जा रही हैं। सब्जी मंडी में गरीबों को नोटिस देकर दुकान हटाने की धमकी दी जाती है। पिंकी प्रजापति जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ जनता दल यूनाइटेड ने कहा कि नगर पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार से जनता का विकास बाधित हो रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की कि सभी बिंदुओं की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान सौरभ, शशिकांत, रवि, सत्यम, दुर्गेश शर्मा, रमेश गुप्ता, आशा देवी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार के साढ़े नौ साल की कार्यशैली नाकाम : महेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। समाजवादी पार्टी कार्यालय बिजली खेड़ा में पार्टी के प्रदेश सचिव महेश कश्यप ने प्रेस वार्ता की। झांसी से अपने दल–बल के साथ बांदा पहुंचे कश्यप ने पत्रकारों से बातचीत में भाजपा सरकार की साढ़े नौ साल की कार्यशैली को नाकाम बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है। कानून व्यवस्था लचर हो चुकी है और शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है। पेपर लीक के मामलों में सरकार ने गिनीज बुक में रिकॉर्ड बना दिया है। स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि अस्पतालों की हालत ध्वस्त है। न दवाइयां हैं न डॉक्टर। मरीज तड़प–तड़प कर मर रहे हैं और बाहर से महंगी दवाइयां लिखी जा रही हैं। इससे गरीब और मध्यम वर्ग का आदमी सबसे ज्यादा परेशान है। सरकारी कर्मचारी और अधिकारी तानाशाह बन गए हैं। महेश कश्यप ने पूर्व की सपा सरकार को याद करते हुए कहा कि जब अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे तब जनकल्याण की कई योजनाएं धरातल पर उतारी गई थीं, जिन्हें भाजपा सरकार ने बंद कर दिया। 2027 में सपा सरकार बनने पर ये वादे प्रदेश सचिव ने कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर जनता को ये राहतें दी जाएंगी। हर घर को 300 यूनिट बिजली फ्री, प्रत्येक महिला को 40,000 रुपये सालाना सम्मान निधि, बेटियों की केजी से पीजी तक शिक्षा फ्री, इसके अलावा कई अन्य जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की जाएंगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा और उसके दलालों से सावधान रहने की अपील भी की। इस मौके पर ये रहे मौजूद प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से लोकसभा प्रभारी उमेश यादव, दिलीप पटवा, राजन चंदेल, नासिर खान, आमिर खान मन्नी, निलेश श्रीवास, अजय निषाद,




राष्ट्रीय सचिव यूथजन सभा ओम नारायण त्रिपाठी शविदितश, राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा प्रमोद गुप्ता शराजाश, पूर्व प्रत्याशी अशोक सिंह गौर, पूर्व जिलाध्यक्ष इमरान अली उर्फ राजू, विजय करण, शमीम बानवी, रामलाल प्रजापति, सर्वेश पाल, अंकित पाल, के.के. यादव, नीरज पाल, रहीस खान, बउआ परिहार, जनमेजय सिंह, सिकंदर यादव, मनी कश्यप, अनुपम लोहवंशी, अवध बिहारी यादव सहित आधा सैकड़ा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तिंदवारी व बड़ोखर खुर्द के ग्रामों में आयोजित हुआ जल अर्पण कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकास खंड तिंदवारी




एवं बड़ोखर खुर्द के चयनित ग्रामों में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योजना के सफल परीक्षण कार्य पूर्ण होने के उपरांत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ग्राम पंचायतों को योजना अर्पित करने की कार्रवाई संपन्न की गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं जल के समुचित उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि नल से प्राप्त पेयजल का उपयोग मुख्य रूप से पेयजल एवं घरेलू आवश्यकताओं के लिए करें तथा बिना टोटी के पानी का उपयोग न करें, जिससे जल की अनावश्यक बर्बादी रोकी जा सके। साथ ही वर्षा जल संचयन, भू–जल संरक्षण तथा वर्षा जल के माध्यम से भूमिगत जलस्तर में वृद्धि के महत्व की विस्तृत जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में जल जीवन मिशन के जूनियर इंजीनियर रमेश गुप्ता तथा एनसीसी टीम के उपस्थित इंजीनियरों के साथ अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत कराए गए विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की। उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करना है। ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या के त्वरित समाधान हेतु टोल–फ्री हेल्पलाइन 18001212164, जल सारथी ऐप तथा जल सेवा सहित उपलब्ध शिकायत निवारण व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को अपने मोबाइल फोन में जल सारथी ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया गया तथा मौके पर ही ऐप के उपयोग, शिकायत दर्ज करने एवं उसके समाधान की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन कर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों, ग्रामीणों तथा जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए जल संरक्षण और पेयजल योजनाओं के दीर्घकालीन सफल संचालन का संकल्प लिया।

# पिंक कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला में दी अवसरों की जानकारी

## - 31 जुलाई को लगेगा रोजगार मेला

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के उद्देश्यों को साकार करने तथा सेवायोजन विभाग के संकल्प हर हाथ, हर परिवार को रोजगार के तहत जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा मंगलवार को मॉ रामरती मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज, मसवानी में पिंक करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कॉलेज की 87 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में प्रभारी करियर काउंसलिंग शशांक पांडेय ने छात्राओं को सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल, सेवायोजन पोर्टल तथा भारत सरकार के राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इन पोर्टलों के माध्यम से रोजगार के अवसर प्राप्त करने, पंजीकरण प्रक्रिया एवं उनकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्राइम कनेक्ट सर्विसेज के एचआर अभिषेक तिवारी ने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार एवं कैरियर के अवसरों की जानकारी देते हुए छात्राओं की करियर संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य विशाल सिंह ने की। 31 जुलाई को लगेगा रोजगार मेला जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में 31 जुलाई को प्रातः 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने रोजगार के इच्छुक युवाओं से आवश्यक अभिलेखों के साथ समय पर पहुंचकर रोजगार मेले का लाभ उठाने की अपील की।

# तीन सगे भाइयों की सड़क हादसे में मौत, सात घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

अफजलगढ़, बिजनौर। गढ़मुक्तेश्वर–हापुड़ के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग–9 पर रविवार देर शाम हुए भीषण सड़क हादसे में अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव मनियावाला निवासी तीन सगे भाइयों की मौत हो गई, जबकि दोनों वाहनों में सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार गांव मनियावाला निवासी अबरार (48), अफजाल (35) और सरफराज (40) अपने परिवार के साथ कई वर्षों से दिल्ली में रहकर कारोबार करते थे। रविवार को वे रिश्तेदारों से मिलने पैतृक गांव आए थे। शाम करीब साढ़े पांच बजे स्कॉर्पियो से दिल्ली लौटते समय गढ़मुक्तेश्वर–हापुड़ मार्ग पर उनकी कार सामने से आ रही एक अर्टिगा कार से टकरा गई। बताया जा रहा है कि हाईवे पर अचानक एक पशु आ जाने से स्कॉर्पियो चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। कार डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में पहुंच गई और सामने से आ रही अर्टिगा से आमने–सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में तीनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनके चौथे भाई इस्तखार, भतीजे जुनैद, चालक शहजाद सहित दोनों वाहनों में सवार कुल सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां से गंभीर हालत वालों को मेरठ रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि मृतक करीब 30 वर्ष से दिल्ली में रह रहे थे और वर्ष में एक–दो बार ही गांव आते थे। रविवार सुबह वे गांव पहुंचे थे और दिनभर परिजनों के साथ समय बिताने के बाद शाम को वापस दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। रास्ते में हुए इस हादसे ने पूरे परिवार की खुशियां छीन लीं। तीनों भाइयों के निधन से गांव मनियावाला में मातम का माहौल है।

# सर्राफा एसोसिएशन की हुई सामान्य बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। सर्राफा वेलफेयर एसोसिएशन की सामान्य बैठक आज जश्न होटल में दोपहर 2 बजे आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीतापुर सर्राफा वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष मिश्र द्वारा की गई। इस बैठक में सर्राफा व्यापार से जुड़े सभी प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गयी बैठक का मुख्य उद्देश्य बाजार की वर्तमान स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था, सरकारी नीतियों और व्यापारियों की समस्याओं पर विचार–विमर्श करना



था इसके साथ ही आगामी त्योहारी सीजन में बाजार को सुचारू रूप से चलाने की रणनीतियों पर भी मंथन किया गया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मनीष मिश्र रिंकू ने बताया कि बैठक में हॉलमार्किंग, जीएसटी और रेहन गिरवी से संबंधित नियमो की जानकारी आदि विषयों पर व्यापारियों को जागरूक किया। व्यापारियों की सुरक्षा और ईमानदारी से खरीद बिक्री पर जोर दिया गया। संस्थापक सुशील अग्रवाल ने संगठन को मजबूत करने पर और संगठित रहने पर जोर दिया तथा सदस्यता शुल्क और पुलिस से सम्बंधित विषयो पर चर्चा के साथ सदस्यों के सुझावों और समस्याओं को मांगा। उपाध्यक्ष राजू रस्तोगी ने भी अपने विचार व्यक्त किये बैठक में जिला महामंत्री चंद्रिका प्रसाद रस्तोगी पालू, जिला कोषाध्यक्ष अनूप सोनी सहित शिवांशु उमंग मेहरोत्रा, मनीष महेंद्र आशीष रस्तोगी कारीगर अध्यक्ष विनीत वर्मा सहित भारी संख्या में सर्राफा व्यापारी मौजूद रहे।

# एएसपी ने ली मंगलवार परेड की सलामी

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। पुलिस लाइन में आयोजित मंगलवार परेड के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह द्वारा परेड की सलामी ग्रहण की गई। इस अवसर पर पुलिस बल की टोलीवार ड्रिल कराई गई, जिसमें जवानों के अनुशासन, तालमेल एवं शारीरिक दक्षता का उत.ष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। ड्रिल के उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा टोलीवार निरीक्षण करते हुए वर्दी, उपकरणों एवं समग्र प्रस्तुति का बारीकी से अवलोकन किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को



आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए उच्च मानकों को बनाए रखने पर जोर दिया गया। इसके पश्चात पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का व्यापक निरीक्षण किया गया। विशेष रूप से परिवहन शाखा का गहन निरीक्षण करते हुए वहां उपलब्ध अभिलेखों की गुणवत्ता, रख–रखाव एवं अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने हेतु निर्देश दिए गए। निरीक्षण क्रम में रजिस्टर पेशी का भी परीक्षण किया गया। पेशी रजिस्टर का अवलोकन कर अभिलेखों की सटीकता, गुणवत्ता एवं समयबद्ध अद्यतन की जांच की गई। संबंधित कर्मियों को अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण एवं नियमित अपडेट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर समस्त पुलिस बल को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं उत.ष्ट कार्यसंस.ति बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि प्रभावी पुलिसिंग के लिए निरंतर निरीक्षण एवं सुधार आवश्यक है।

# मानकों को ताक पर रखकर बनाई जा रही पहाड़पुर सड़क

## – ग्रामीणों ने लगाए भारी अनियमितताओं के आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो



विजयीपुर, फतेहपुर। विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के सरकारी दावों के बीच विजयीपुर विकास खंड के पहाड़पुर गांव में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (आरईडी) द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में खुलेआम मानकों की अनदेखी की जा रही है तथा गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क के दोनों किनारों पर बनाए जा रहे फाउंडेशन और नालियों में काली–पीली तथा निम्न गुणवत्ता की निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं, निर्माण में तीसरे दर्जे की टूटी–फूटी पीली ईंटें लगाई जा रही हैं, जो निर्धारित मानकों पर खरी नहीं उतरतीं। आरोप है कि इन ईंटों को जोड़ने के तुरंत बाद उनकी वास्तविक गुणवत्ता छिपाने के उद्देश्य से सीमेंट का प्लास्टर कर दिया जाता है, जिससे पहली नजर में निर्माण कार्य सही दिखाई दे, लेकिन अंदर से पूरी संरचना कमजोर बनी रहे। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य में विभागीय गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे यह सड़क कुछ ही समय में बर्बाद हो जाएगी।


# रय्यान टूर एंड ट्रेवल्स के बैनर तले उमराह मुकम्मल कर वापस लौटे जायरीन

## - बेहतरीन सहूलियतों के लिए हाजी अशफाक गौरी का किया शुक्रिया

फोटो परिचय– 3

न्यूज वाणी ब्यूरो

कस्बा खीरी। मुकद्दस सफर उमराह की अदायगी के बाद कस्बा खीरी के जायरीनों की वतन वापसी हो गई है। रय्यान टूर एंड ट्रेवल्स की जानिब से सऊदी अरब (मक्का मुअज्जमा और मदीना मुनव्वरा) गए इन जायरीनों का कस्बा वापसी पर उनके परिजनों, रिश्तेदारों और इष्टमित्रों ने फूल–मालाओं और नम आंखों के साथ जोरदार इस्तकबाल किया। इस रूहानी सफर से लौटने के बाद सभी जायरीनों के चेहरों पर एक खास नूर और खुशी छाई हुई थी। जायरीनों ने ट्रेवल्स की तरफ से दी गई सुविधाओं की जमकर सराहना की है। अकीदत के साथ रवाना हुए थे दो ग्रुप जानकारी के मुताबिक, कस्बा खीरी से रय्यान टूर एंड ट्रेवल्स के जरिए जायरीनों के दो अलग–अलग ग्रुप उमराह के लिए रवाना हुए थे। ट्रेवल्स के बैनर तले पहला ग्रुप 6 जुलाई को और दूसरा ग्रुप 7 जुलाई को पूरी अकीदत और एहतराम के साथ पवित्र शहरों के लिए रवाना हुआ था। वहां अल्लाह के घर (खाना–ए–काबा) का तवाफ, उमराह के तमाम अरकान और नबी–ए–करीम (स.अ.व.) के रौजे की जियारत मुकम्मल करने के बाद इन दोनों ग्रुपों की सकुशल वापसी हुई है। पहला ग्रुप 25 जुलाई की रात को अपने वतन वापस आ गया, जबकि दूसरा ग्रुप 27 जुलाई की रात को खैर–ओ–आफियत के साथ कस्बा खीरी पहुंच गया। हर कदम पर मिली बेहतरीन सुविधाएं उमराह से वापस लौटे सभी जायरीनों ने एक सुर में रय्यान टूर एंड ट्रेवल्स द्वारा दी गई शानदार खिदमात और बेहतरीन इंतजामात की तारीफ की। जायरीनों ने बताया कि उनके इस मुकद्दस सफर को आसान और आरामदायक बनाने में ट्रेवल्स की तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी गई। मक्का और मदीना दोनों ही मुकद्दस शहरों में ठहरने (कयाम), खाने–पीने, ट्रांसपोर्ट और जियारतों (स्थानीय पवित्र स्थलों के दर्शन) के लिए जो सहूलियतें मुहैया कराई गईं, वो वादे के मुताबिक और आला दर्जे की थीं। बुजुर्ग और कमजोर जायरीनों का भी वहां खास ख्याल रखा गया, जिससे उन्हें इबादत करने में किसी भी तरह की कोई दुश्वारी पेश नहीं आई। हाजी अशफाक गौरी की खिदमत की हुई सराहना इस मौके पर उमराह से लौटे सभी जायरीनों ने रय्यान टूर एंड ट्रेवल्स के खादिम हाजी अशफाक गौरी का विशेष रूप से तहे दिल से शुक्रिया अदा किया। जायरीनों का कहना था कि हाजी अशफाक गौरी ने जिस तरह से कदम–कदम पर उनकी रहनुमाई की और हर छोटी–बड़ी जरूरत का ख्याल रखा, वह काबिले तारीफ है। उनके बेहतरीन मैनेजमेंट और खिदमत के जज्बे के कारण ही यह इबादत का सफर इतना सुकून भरा और यादगार बन सका। हाजी अशफाक गौरी ने जायरीनों की सेवा करके लोगों का दिल जीत लिया है। कस्बे में खुशी का माहौल जायरीनों की सुरक्षित वापसी से कस्बा खीरी में खुशी का माहौल है। जायरीनों के घरों पर उन्हें मुबारकबाद देने वालों का तांता लगा हुआ है। लोग आब–ए–जमजम और खजूर का तबर्रुक हासिल करने और उमराह की बरकतें समेटने के लिए उनके घरों पर पहुंच रहे हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि रय्यान टूर एंड ट्रेवल्स ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह अकीदतमंदों को बेहतरीन सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है और हज व उमराह यात्रा के लिए इलाके में एक बेहद विश्वसनीय नाम बन चुका है।




## संक्षिप्त समाचार

### सर्पदंश से भैंस की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। तहसील क्षेत्र के ग्राम दरियापुर में सर्पदंश से एक दुधारू भैंस की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। घटना से पशुपालक किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। मृत भैंस की कीमत लगभग 60 हजार से 70 हजार के बीच बताई जा रही है। सूचना मिलने के बाद राजस्व एवं पशुपालन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।



जानकारी के अनुसार ग्राम दरियापुर निवासी सर्वेश कुमार उर्फ सहगल पुत्र राम सिंह की दुधारू भैंस अचानक बीमार हो गई। परिजनों ने जब भैंस को देखा तो उसके शरीर पर सर्पदंश के निशान होने की आशंका जताई गई। कुछ ही देर में भैंस ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में मायूसी छा गई, क्योंकि भैंस ही उनकी आय का प्रमुख स्रोत थी। पीड़ित सर्वेश कुमार ने बताया कि भैंस की मौत की सूचना तत्काल तहसील प्रशासन को दी गई। सूचना मिलते ही लेखपाल अरविंद मिश्रा तथा विकास खंड से पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई। अधिकारियों ने भैंस की मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है तथा संबंधित रिपोर्ट तैयार की जा रही है ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में गांवों में सांपों का निकलना आम बात हो गई है। खेतों, पशुशालाओं और घरों के आसपास झाड़ियों तथा जलभराव के कारण जहरीले सर्पों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में पशुपालकों और ग्रामीणों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित किसान को सरकारी नियमों के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि उसे हुए नुकसान की कुछ भरपाई हो सके। वहीं प्रशासन का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दुकान में घुसकर दबंगों ने युवक को पीटा

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। कोतवाली इलाके लहरपुर के अंतर्गत नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला निवासी नसीम पुत्र शकील ने कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह को लिखित प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी नगर के मुख्य प्रवेश द्वार के निकट दुकान है गप्पू पुत्र अज्ञात अभिषेक पुत्र अज्ञात निवासी मोहल्ला जोशी टोला को ऑटो ना खड़ा करने के लिए मना किया गया था जिसकी रंजिश को लेकर रविवार को समय करीब 8रू00 बजे उक्त लोगों ने अपने को साथियों के साथ मिलकर लाठी डंडों से मारने लगे। पीड़ित के पिता द्वारा जब विरोध जताया गया तो वह तो लोगों द्वारा उन्हें भी बुरी तरह से पीटा गया। पीड़ित करो फिर के लोगों ने दुकान के गले से 10200 रूपए भी निकाल लिए हैं। घटना के बाद पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य लहरपुर में भर्ती कराया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। पीड़ित ने उक्त घटना से कोतवाली पुलिस को अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के प्रोजेक्ट प्रदर्शन के लिए कराएं रजिस्ट्रेशन

न्यूज वाणी ब्यूरो/फिरोजाबाद। भारत सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पाण्डेय के निर्देशन एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में 32 वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026



के विद्यालय स्तरीय एवं जनपद स्तरीय प्रोजेक्ट प्रदर्शन के कार्यक्रम सम्पन्न किए जाएंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पाण्डेय द्वारा जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया है कि 32 वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में ऑनलाइन पोर्टल पर अपने विद्यालय के विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन कराकर उनकी प्रतिभागिता सुनिश्चित करें। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन का मुख्य विषय साइंस एंड इनोवेशन फॉर सस्टैंबिलिटी है। इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में 10 वर्ष से 17 वर्ष तक के बच्चे दो वर्ग जूनियर तथा सीनियर वर्ग में प्रतिभाग करते हैं। प्रतिभागियों को अपना रजिस्ट्रेशन निर्गत लिंक 'ीजजचेरूध्ध्द–बेब.पदध् भरना होगा। उन्होंने जनपद के समस्त विद्यालय के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वे अपने विद्यालय के अधिक से अधिक प्रतिभागियों को इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में रजिस्ट्रेशन एवं प्रतिभाग कराकर उनकी शोध की प्रवृत्ति में वृद्धि करने में सहयोग करें।

# डीएम ने पूर्वदशम व दशमोत्तर योजनाओं की समीक्षा

## - ओटीआर व बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण पर विशेष बल

न्यूज वाणी ब्यूरो

हापुड़। जिलाधिकारी की



अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पूर्वदशम कक्षा 9–10 एवं दशमोत्तर कक्षा 11–12 छात्रवृत्ति योजनाओं के वर्ष 2026–27 के सफल, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के साथ जनपद के राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य व नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा जारी समय–सारिणी के अनुसार नोडल व प्रधानाचार्य को मास्टर डेटा 5 अगस्त 2026 तक सेव करना है। कक्षा 10 व 12 के लिए नवीनीकरण की अंतिम तिथि 25 अगस्त तथा नवीन आवेदन 21 सितंबर 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी आवेदन निर्धारित समय के बाद लंबित न रहे। बैठक में वन टाइम रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया गया। प्रत्येक छात्र–छात्रा को आवेदन से पूर्व व्ज्त कराना आवश्यक होगा। साथ ही बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण समय से पूर्ण कराने, आधार से जुड़े मोबाइल नंबर सक्रिय रखने तथा आय, जाति, निवास प्रमाण–पत्र, अंकतालिका, आधार कार्ड व बैंक विवरण सही एवं अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए।

### दो घंटे में हत्या का खुलासा, पुलिस मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस ने बकेवर थाना क्षेत्र में हुई हत्या की वारदात का महज दो घंटे के भीतर खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और डंडा (आला कत्ल), एक अवैध 315 बोर तमंचा, तीन



जिंदा कारतूस तथा दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार मंगलवार को डायल–112 के माध्यम से सूचना मिली कि थाना बकेवर क्षेत्र के ग्राम चिकनी में एक व्यक्ति की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जहां परिजनों ने बताया कि विनय पुत्र रामस्वरूप की हत्या गांव के ही रामकुमार उर्फ गुड्डू ने सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर की है। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना बकेवर पुलिस ने तत्काल आरोपी की तलाश शुरू की। इसी दौरान सूचना मिली कि आरोपी रामकुमार उर्फ गुड्डू ग्राम नसीरपुर बोझा से घुघसीना जाने वाले मार्ग के पास मौजूद है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की तो आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में आरोपी के दोनों पैरों में गोली लग गई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और डंडा, एक अवैध 315 बोर तमंचा, तीन जिंदा कारतूस तथा दो खोखा कारतूस बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने ग्राम चिकनी निवासी विनय की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी रामकुमार उर्फ गुड्डू पुत्र स्वर्गीय रामनरेश, निवासी ग्राम चिकनी, थाना बकेवर, जनपद इटावा के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस पूरी कार्रवाई को अपर महानिदेशक कानपुर जोन, पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व में थाना बकेवर पुलिस टीम ने अंजाम दिया।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में बड़ा फेरबदल

## - आलोक गुप्ता कल्लू बने जिलाध्यक्ष, नई कार्यकारिणी के गठन की घोषणा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में संगठनात्मक बदलाव करते हुए नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री संदीप बंसल के निर्देशन तथा प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंछल की संस्तुति पर वरिष्ठ व्यापारी नेता आलोक गुप्ता (कल्लू) को जिलाध्यक्ष, मनोज अग्रवाल को जिला प्रभारी, धर्मेंद्र जैन को जिला महामंत्री तथा रंजीत सिंह कुशवाहा को जिला कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल को प्रदेश कार्यसमिति का प्रदेश मंत्री बनाया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आलोक गुप्ता (कल्लू) ने प्रेस वार्ता में कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के उत्पीड़न के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाई जाएगी, उनकी हरसंभव सहायता की जाएगी तथा भ्रष्टाचार और भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही सभी प्रकोष्ठों का विस्तार कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। जिला प्रवक्ता इकरार अहमद ने बताया कि जिले की सभी 84 इकाइयों को भंग कर दिया गया है और जल्द ही नई कमेटियों का गठन किया जाएगा। उन्होंने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 1 अगस्त से 14 अगस्त तक ध्यापारी संपर्क–व्यापारी जोड़ो अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद 16 अगस्त से 27 अगस्त तक जिले की तीनों विधानसभाओं में पदयात्राएं आयोजित होंगी। 1 सितंबर को जनपद स्तरीय वाहन रैली निकाली जाएगी तथा 3 सितंबर को लखनऊ में आयोजित स्वदेशी व्यापारी कुंभ में इटावा से बड़ी संख्या में व्यापारी भाग लेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान उपस्थित व्यापारियों ने नवनियुक्त



पदाधिकारियों का फूल–मालाएं पहनाकर और पगड़ी बांधकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर हरिओम गुप्ता, हरिशंकर पटेल, संतोष वर्मा, विकास शाक्य, लल्लू वारसी, संजय वर्मा, पंकज कुशवाह, सर्वेश चौहान, नरेंद्र सिंह कुशवाहा, अर्चना कुशवाहा, वर्षा दुबे, मीरा तिवारी, अंजू यादव, बबिता कुशवाहा, रंजना सोनी, ऋषि पोरवाल, यामीन रिंकू चौधरी, मोहम्मद उवैस, मुहम्मद मुस्तकीम राईन, इंतखाब आलम सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

### पुलिस की प्रभावी पैरवी से चोरी के मामले में आरोपी दोषी करार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते वर्ष 2006 के चोरी के एक




मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। थाना सिविल लाइन में दर्ज मु.अ.सं. 149/2006, धारा 379/411 भारतीय दंड संहिता के मामले में एसीजेएम न्यायालय ने आरोपी बबलू उर्फ यशपाल पुत्र स्वर्गीय नारायण, निवासी पुरविया टोला, थाना कोतवाली को दोषसिद्ध पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि के कारावास तथा 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत लंबित मामलों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को सजा दिलाने का अभियान लगातार जारी है, जिससे अपराधियों के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी न्याय सुनिश्चित किया जा सके।

# पीड़ित मां ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

## - चोरी-छिपे निकाह करने व प्रताड़ित करने पर बेटे-बहू को किया संपत्ति से बेदखल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जनपद के थाना रसूलपुर क्षेत्रांतर्गत मोहम्मदपुर (उत्तर पुलिस चौकी क्षेत्र) निवासी पीड़िता शहनाज बेगम (पत्नी स्व. हाजी मोहम्मद मुजाहिद) ने अपने ही बेटे और उसकी पत्नी से परेशान होकर जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष न्याय एवं जान–माल की सुरक्षा के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। पीड़िता ने बेटे और बहू के रवैये से तंग आकर उन्हें अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल करने की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़िता शहनाज बेगम ने आरोप लगाया है कि उनके सबसे छोटे बेटे मौज्जम ने परिवार को बिना बताए और चोरी–छिपे गुलनाज (पुत्री अकील खान, निवासी मशरूरगंज, गली नं. 010/2, थाना रसूलपुर) से निकाह कर लिया। इस शादी में परिवार का कोई भी सदस्य शामिल नहीं था और न ही उन्हें इसकी पूर्व जानकारी थी। पीड़िता का आरोप है कि उनका पुत्र मौज्जम आवारा किस्म का व्यक्ति है और उसकी पत्नी का चाल–चलन ठीक नहीं है। जब पीड़िता और उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने इस निकाह का विरोध किया, तो दोनों गाली–गलौज और अभद्रता करने लगे। साथ ही परिवार को झूठे कानूनी मुकदमों में फंसाने की धमकियां दी जा रही हैं, जिससे पूरा परिवार गंभीर मानसिक तनाव में है। पीड़िता ने स्पष्ट किया है कि वे और उनका परिवार पुत्र मौज्जम व बहू गुलनाज से अपने सभी रिश्ते–नाते हमेशा के लिए समाप्त कर रहे हैं। साथ ही पीड़िता ने बेटे और बहू को अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि यदि मौज्जम, उसकी पत्नी या उसके मायके पक्ष द्वारा भविष्य में कोई भी आपराधिक ृत्य किया जाता है, तो उसके जिम्मेदार वे स्वयं होंगे। पीड़िता या उनके परिवार का उनसे कोई लेना–देना या सरोकार नहीं रहेगा। पीड़िता शहनाज बेगम ने जिला मजिस्ट्रेट से प्रार्थना की है कि उनके प्रार्थना पत्र पर त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाए तथा उन्हें व उनके परिवार को जान–माल की सुरक्षा प्रदान करते हुए बेदखली की कार्यवाही दर्ज की जाए।

# छह जिलों के धार्मिक, सांस्कृतिक व पर्यटन स्थलों का होगा व्यापक विकास

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश सरकार ने कानपुर मंडल के धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्.तिक और प्रा.तिक पर्यटन स्थलों के विकास के लिए वर्ष 2026–27 में लगभग 31.80 करोड़ की लागत से 25 पर्यटन विकास परियोजनाओं का रोडमैप तैयार किया है। पर्यटन एवं संस्.ति मंत्री जयवीर सिंह ने कानपुर मंडल की प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी कार्य गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरे करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में बताया गया कि प्रस्तावित 25 परियोजनाओं में कानपुर नगर की सात, इटावा की पांच, कानपुर देहात की पांच, कन्नौज की तीन, फर्रुखाबाद की तीन तथा औरैया की दो परियोजनाएं शामिल हैं। इनका उद्देश्य धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों को आधुनिक पर्यटन सुविधाओं से जोड़कर प्रदेश में पर्यटन को नई गति देना है। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि पर्यटन परियोजनाओं का उद्देश्य केवल पर्यटकों की सुविधाएं बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रत्येक



स्थल की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्.तिक विरासत का संरक्षण भी है। उन्होंने निर्देश दिए कि एक करोड़ रुपये तक की सभी निर्माणाधीन परियोजनाएं नवंबर तक उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण की जाएं तथा जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। इटावा में गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब, श्री मां सती मंदिर और बलवंतेश्वर महादेव मंदिर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों के पर्यटन विकास के प्रस्ताव शामिल किए गए हैं। वहीं औरैया में राम जानकी मंदिर के विकास और दिबियापुर में जिला पर्यटन कार्यालय स्थापित करने की योजना बनाई गई है। कन्नौज में छिबरामऊ के प्राचीन शंकर मंदिर, तिर्वा के सिद्धपीठ प्राचीन डोलेश्वरनाथ शिव मंदिर तथा मां शीतला देवी मंदिर के विकास का प्रस्ताव है। कानपुर देहात में रसूलाबाद के श्री हनुमान धाम मंदिर, अकबरपुर–रनियां के मां परहुल देवी मंदिर और सिकंदरा के शिव बागेश्वर मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों का विकास किया जाएगा। कानपुर नगर में सबसे अधिक सात परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, जिनमें बिठूर का ज्वाला देवी मंदिर, बिल्हौर का शंखुला देवी मंदिर, कल्याणपुर का भूतेश्वर महादेव मंदिर तथा घाटमपुर का मां फूलमती मंदिर प्रमुख हैं। फर्रुखाबाद में कायमगंज के प्राचीन शिव मंदिर, अमृतपुर के श्री सीताराम ठाकुरद्वारा मंदिर तथा भोजपुर के श्री राम जानकी मंदिर के विकास के साथ तीर्थस्थलों पर आधारभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। बैठक में संस्.ति विभाग ने भी तीन महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किए, जिनमें कमालगंज के रामलीला मैदान का सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास, फर्रुखाबाद में संग्रहालय की स्थापना तथा कन्नौज में बाल संग्रहालय की स्थापना शामिल है। इसके अलावा फर्रुखाबाद के दफरपुर वेटलैंड के निकट लगभग ध्4 करोड़ की लागत से प्रस्तावित ईको–टूरिज्म परियोजना की भी समीक्षा की गई, जिसमें नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर, वॉच टावर, योगा पवेलियन, गजेबो सहित विभिन्न पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाएगा। बैठक में वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 की स्वी.त परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने जिला अधिकारियों को नियमित स्थलीय निरीक्षण करने तथा सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटन, संस्.ति और ईको–टूरिज्म को बढ़ावा देकर उत्तर प्रदेश की विरासत को नई पहचान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मतदेय स्थलों के रैशनलाइजेशन प्रस्ताव को मिली मंजूरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में जनपद के मतदेय स्थलों के संभाजन (रैशनलाइजेशन) के प्रस्ताव को अंतिम रूप देने के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में संशोधित प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के बाद सर्वसम्मति से इसे मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि मतदेय स्थलों के संबंध में प्राप्त सभी लिखित शिकायतों एवं सुझावों की संबंधित उपजिलाधिकारियों और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा नियमानुसार स्थलीय जांच कराई गई। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद प्रत्येक शिकायत और सुझाव का गहन परीक्षण करते हुए उनका विधिसम्मत निस्तारण किया गया। इसके बाद मतदेय स्थलों के पुनर्संभाजन से संबंधित संशोधित प्रस्ताव को सभी जनप्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष विस्तार से प्रस्तुत किया गया। प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों को पढ़कर सुनाया गया तथा उन पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। चर्चा के उपरांत सभी



उपस्थित सदस्यों ने प्रस्ताव पर अपनी सर्वसम्मति व्यक्त की। सर्वसम्मति मिलने के बाद जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदेय स्थलों के संभाजन संबंधी प्रस्ताव को अंतिम स्वी.ति प्रदान करते हुए संबंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के दिशा–निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और मतदाता–अनुकूल बनाने के उद्देश्य से मतदेय स्थलों का पुनर्संभाजन किया गया है। इस प्रक्रिया में मतदाताओं की सुविधा, भौगोलिक स्थिति, पहुंच मार्ग तथा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि प्रत्येक पात्र मतदाता अपने मताधिकार का सहज एवं निर्बाध रूप से प्रयोग कर सके। बैठक में सदर विधायक प्रतिनिधि सचिन यादव, राहुल राजपूत भाजपा, वाचस्पति द्विवेदी कांग्रेस, उदयभान सिंह यादव एवं प्रदीप शाक्य बबलू समाजवादी पार्टी, डॉ. शौकीन सिंह सीपीआई, इमरान अहमद बहुजन समाज पार्टी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बिपिन कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार, उपजिलाधिकारी भरथना काव्या सी आईएएस, उपजिलाधिकारी सदर मनोज पाठक, उपजिलाधिकारी जसवंतनगर अभिषेक प्रताप सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति: भरथना पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस के निर्देशन में थाना भरथना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान महिलाओं एवं आमजन को महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी और आवश्यकता पड़ने पर इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान साइबर अपराधों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें, किसी संदिग्ध या अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें तथा ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय पूरी सतर्कता बरतें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं को जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए तथा महिला सुरक्षा और साइबर सुरक्षा से जुड़े आवश्यक सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई पुलिस द्वारा मिशन




शक्ति फेज–5 के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता के लिए इस प्रकार के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# रोजगार मेले में चयनित किए गए पचास अभ्यर्थी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। शासन की मंशानुरूप निजी क्षेत्रों में अधिक से अधिक बेरोजगार अभ्यर्थियों को सेवायोजित कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले मे निजी क्षेत्र की 03 कम्पनियों, युनाइटेड यंग इन्डिया, सिसका इलेक्ट्रिकल एण्ड मैनेजमेंट, ब्राइट फयूचर आर्गेनिक हर्बल एण्ड आयुर्वेदिक प्रा.लि. द्वारा 50 अभ्यर्थियों का प्रारम्भिक चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया गया। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेले आये हुए ऐसे अभ्यर्थी जिनका रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण नहीं है, उन्हें पोर्टल पर पंजीकरण की प्रकिया से अवगत भी कराया गया।



# श्रावण मास की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

## – ब्रह्माणी देवी मंदिर में सुरक्षा, सफाई व श्रद्धालुओं की सुविधाओं के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पवित्र श्रावण मास एवं आगामी पर्वों के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम दर्शन–पूजन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने जसवंतनगर



स्थित प्रसिद्ध ब्रह्माणी देवी मंदिर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर, गर्भगृह, प्रवेश एवं निकास मार्ग, परिक्रमा पथ तथा पार्किंग स्थल का निरीक्षण करते हुए कहा कि श्रावण मास में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मंदिर परिसर एवं आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की सक्रिय निगरानी तथा सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर परिसर एवं पहुंच मार्गों पर प्रतिदिन विशेष सफाई अभियान चलाने, कचरा प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा श्रद्धालुओं के लिए शीतल एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। साथ ही मंदिर मार्ग एवं परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने पर भी जोर दिया।

जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही के लिए आवश्यकतानुसार मजबूत बैरिकेडिंग कराने, गर्भगृह में दर्शन के दौरान भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की भगदड़ जैसी स्थिति से बचाव के लिए प्रभावी इंतजाम करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को मंदिर परिसर के निकट प्राथमिक उपचार किट एवं एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा गया। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में ब्रह्माणी देवी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में प्रशासन की प्राथमिकता सभी भक्तों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण में दर्शन कराना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी जसवंतनगर, जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित कुमार, मंदिर समिति के पदाधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं महिलाओं की फरियाद

## – जनसुनवाई में आईं पांच शिकायतें, एक का निस्तारण

## – वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति की अध्यक्षता में मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दूर–दराज से पहुंची महिलाओं की समस्याओं व शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। कुल पांच शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को भेजते हुए प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के बाद पिछली बैठक में प्राप्त शिकायतों और उनके निस्तारण की प्रगति की समीक्षा भी की गई। महिला आयोग की सदस्या ने संबंधित अधिकारियों से लंबित प्रकरणों का शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही उपस्थित महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों, महिला सुरक्षा एवं संरक्षण से जुड़े कानूनों तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। अंजू प्रजापति ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र महिला तक शत–प्रतिशत पहुंचना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाने पर विशेष जोर दिया। इसके बाद उन्होंने वन स्टॉप सेंटर का



निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र पर आने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को सभी आवश्यक सेवाएं, कानूनी सहायता और परामर्श पूरी संवेदनशीलता तथा तत्परता के साथ उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें समय पर प्रभावी सहयोग मिल सके। इस अवसर पर सदर नायब तहसीलदार, महिला थानाध्यक्ष, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# आमिर खान प्रोडक्शंस ने जारी किया 'बंटवारा 1947' का दमदार ट्रेलर

न्यूज वाणी ब्यूरो

मनोरंजन डेस्क। आमिर खान प्रोडक्शंस की बहुप्रतीक्षित फिल्म श्बंटवारा 1947श का बहुप्रतीक्षित




ट्रेलर आखिरकार रिलीज कर दिया गया है। राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी यह फिल्म भारत के बंटवारे की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जो हिंसा और डर के बीच इंसानियत, हिम्मत और उम्मीद की एक बेहद भावुक कहानी बयां करती है। बंटवारे के सबसे दर्दनाक दौर को दर्शाती यह फिल्म एक ऐसे परिवार के इर्द–गिर्द घूमती है, जो जबरन पलायन और बिखराव के बावजूद एक–दूसरे से जुड़े रहने की जंग लड़ता है। यह सिर्फ एक ऐतिहासिक त्रासदी की कहानी नहीं है, बल्कि उन आम लोगों के जज्बे को सलाम करती है जिन्होंने नफरत के दौर में भी अपनी इंसानियत को जिंदा रखा। मुख्य झलकियाँ और स्टार कास्ट सनी देओलरू एक ऐसे स्वाभिमानी शख्स के किरदार में हैं, जो विषम परिस्थितियों में भी अपने जमीर से समझौता नहीं करता शबाना आज़मी एक मजबूत और समझदार बुजुर्ग महिला के रूप में पूरी कहानी की मुख्य ताकत बनकर उभरती हैं। प्रीति जी जिंटारू मुश्किल वक्त में अपने परिवार को एकजुट रखने की कोशिश करती एक साहसी महिला के रोल में नजर आ रही हैं अन्य सितारेरू फिल्म में करण देओल, अली फज़ल और अभिमन्यु सिंह भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं 30 साल बाद ऐतिहासिक पुनर्मिलनरू करीब तीन दशकों के बाद निर्देशक राजकुमार संतोषी और सनी देओल की सुपरहिट जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। निर्माण और संगीत फिल्म का संगीत ऑस्कर विजेता ए. आर. रहमान ने तैयार किया है, जबकि इसके अर्थपूर्ण गीत जावेद अख्तर ने लिखे हैं। आमिर खान और अपरणा पुरोहित द्वारा प्रोड्यूस की गई यह फिल्म अपने शानदार विजुअल्स और दमदार अभिनय के साथ दर्शकों को एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म श्पार्टिशन डेश के अवसर पर 14 अगस्त 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# किसान मंच ने नौ सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। किसान मंच के जिलाध्यक्ष राकेश बाजपेयी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय ग्रामीणों ने सोमवार को जिलाधिकारी को 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर विभिन्न जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि तहसील सीतापुर के ग्राम नवागांव कालिकाबक्स में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बंदर खेतों में फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही घरों में घुसकर घरेलू सामान नष्ट कर रहे हैं तथा कई ग्रामीणों को काट भी चुके हैं। किसान मंच ने वन विभाग से अभियान चलाकर बंदरों को पकड़वाने की मांग की है। संगठन ने इमलिया सुल्तानपुर पावर हाउस में कार्यरत एक विद्युत कर्मचारी




पर उपभोक्ताओं को बिजली चोरी के झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देकर कथित अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच एवं कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में गाटा संख्या–96 से संबंधित भूमि एवं अभिलेखों की निष्पक्ष जांच, नगर पालिका परिषद के रिकॉर्ड की जांच कर पात्र व्यक्ति के नाम भवन बहाल करने, मिश्रिख तहसील के ग्राम मेटूकापुर स्थित चकमार्ग से अवैध कब्जा हटाने, विकास खंड पिसावां के ग्राम कल्याणपुर में जर्जर नालियों का निर्माण कराने तथा जूनियर हाईस्कूल के सामने सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की भी मांग की गई है। इसके अतिरिक्त परसेंडी विकास खंड के ग्राम गोरिया कला स्थित शिव मंदिर मार्ग को पक्का कराने की मांग भी उठाई गई, जिससे श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों को आवागमन में होने वाली परेशानी दूर हो सके। किसान मंच ने जिलाधिकारी से सभी बिंदुओं पर निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो किसानों एवं ग्रामीणों के हित में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय सचिव प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अल्पना सिंह, जिला संयोजक नवल किशोर मिश्रा, मंडल अध्यक्ष नफीस अहमद, नीलम प्रजापति महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष, हाशमी बेगम, रोशनी जिला उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, दीपिका, प्रेम शंकर तिवारी, उत्तम मौर्य, उदय सिंह, रामकुमार मौर्य, सरला देवी राम चन्द्र मौर्य, सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बरसात में तालाब बनी मंडी, जलभराव से किसान-व्यापारी परेशान

न्यूज वाणी ब्यूरो

अमौली, फतेहपुर। अमौली .षि उत्पादन मंडी समिति में हल्की बारिश के बाद ही जलभराव की गंभीर समस्या सामने आ गई है। मंडी के मुख्य द्वार से लेकर अंदर तक पानी भर जाने से पूरा प्रवेश मार्ग तालाब जैसा दिखाई देने लगा है। मंडी आने वाले किसानों, व्यापारियों और ग्राहकों को गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे न केवल आवागमन प्रभावित हो रहा है बल्कि स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ गए हैं। वहीं सब्जी खरीदने पहुंचे लोगों को कीचड़ और गंदगी के बीच खरीदारी करने को मजबूर



होना पड़ रहा है।

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि मंडी में जलभराव की समस्या कोई नई नहीं है। बिना बारिश के भी कई स्थानों पर गंदा पानी जमा रहता है, जबकि बारिश होने पर स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। उनका आरोप है कि इस संबंध में मंडी समिति के अधिकारियों को कई बार लिखित शिकायतें देकर स्थायी समाधान की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। बारिश के बाद मंडी परिसर में जलभराव बढ़ने से किसानों को अपनी उपज लाने और व्यापारियों को माल के आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने मंडी समिति प्रबंधक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि समय रहते जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं कराई जाती, जिसके कारण हर वर्ष बरसात के मौसम में यही स्थिति उत्पन्न हो जाती है। किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मंडी परिसर की जल निकासी व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त कराया जाए, ताकि बरसात के दिनों में मंडी आने वाले लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े और मंडी की बदहाल व्यवस्था में सुधार हो सके।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अमन कुमार पुत्र श्री शिवमंगल, निवासी ग्राम बसवानपुर मजरा लकड़ी बसावनपुर, विकास खंड भिटौरा, तहसील व जिला फतेहपुर ने अपने बाबा रंगीलाल पुत्र शिवलाल के मृत्यु पंजीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उनके अनुसार रंगीलाल पुत्र शिवलाल का निधन दिनांक 05/09/2023 को वृद्धावस्था के कारण उनके पैतृक निवास पर स्वाभाविक रूप से हो गया था, किन्तु जानकारी के अभाव में समय पर मृत्यु पंजीकरण नहीं कराया जा सका। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त तथ्यों के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 3 दिवस के भीतर संबंधित सक्षम अधिकारी के समक्ष अपने साक्ष्यों सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर नियमानुसार मृत्यु पंजीकरण एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। आवेदक अमन कुमार पुत्र श्री शिवमंगल निवासी – ग्राम बसवानपुर मजरा लकड़ी बसावनपुर,विकास खंड भिटौरा, तहसील व जिला फतेहपुर।

## सार्वजनिक बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शिवबरन पुत्र जगतपाल, निवासी ग्राम टेनी, थाना एवं तहसील खागा, जनपद फतेहपुर (उ.प्र.), अपने पुत्र धर्मेन्द्र कुमार एवं पुत्रवधू स्वरूपा देवी को अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से आज दिनांक से बेदखल करता हूँ। चूंकि मेरे पुत्र एवं पुत्रवधू द्वारा विवाह उपरांत मेरे साथ उचित व्यवहार नहीं किया गया तथा आए दिन विवाद एवं पारिवारिक अशांति उत्पन्न की जाती रही, जिससे मैं मानसिक रूप से अत्यंत आहत हूँ। मैंने पूर्व में ही अपने पुत्र को उसके हिस्से के एवज में धनराशि प्रदान कर दी है तथा उससे एवं उसकी पत्नी से अपने सभी पारिवारिक संबंध समाप्त कर दिए हैं। अतः आज के पश्चात् धर्मेन्द्र कुमार एवं स्वरूपा देवी का मेरी किसी भी चल अथवा अचल संपत्ति पर कोई अधिकार, दावा या हस्तक्षेप नहीं होगा। यदि कोई व्यक्ति इनके साथ मेरी संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का लेन–देन, क्रय–विक्रय, अनुबंध अथवा अन्य कोई व्यवहार करता है, तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं संबंधित व्यक्ति की होगी। इसके लिए मैं किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं रहूँगा। यह सूचना सर्वसाधारण की जानकारी एवं भविष्य के संदर्भ हेतु प्रकाशित की जा रही है। सूचनाकर्ता शिवबरन पुत्र जगतपाल निवासी – ग्राम टेनी, थाना एवं तहसील खागा, जनपद फतेहपुर (उ.प्र.)।




# संत रविदास जयंती पर भाजपा का होगा जनजागरण अभियान

## – 20 फरवरी 2027 तक चलेंगे विविध कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650 वीं जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जनपद में पांच चरणों में व्यापक जनजागरण अभियान चलाएगी। इस अभियान की शुरुआत 29 जुलाई से होगी और विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला 20 फरवरी 2027 तक जारी रहेगी। अभियान के तहत सामाजिक समरसता, सेवा और जनसंपर्क से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में भाजपा की जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता अखिलेश दीक्षित शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन जिला प्रवक्ता प्रसून तिवारी ने किया। कार्यशाला के संयोजक राम सजीवन कोरी तथा सह–संयोजक पंकज त्रिपाठी, धर्मेंद्र सिंह और राज बहादुर पासवान रहे। मुख्य अतिथि



अखिलेश दीक्षित ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता, समानता, मानवता और न्याय का प्रतीक रहा है। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा उनके आदर्शों और संदेशों को जन–जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान संचालित करेगी। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान का पहला चरण 29 जुलाई को जिले के सभी 23 मंडलों के शक्ति केंद्रों पर स्थित मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम के साथ शुरू होगा। इसके बाद अलग–अलग चरणों में कलश यात्रा, संत सम्मान समारोह, निबंध प्रतियोगिता, सेवा बस्तियों में गोष्ठियां, छात्रावास संपर्क अभियान, सामाजिक समरसता कार्यक्रम, जनजागरण अभियान, संत रविदास जी के जीवन एवं विचारों पर परिचर्चाएं तथा समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम संयोजक राम सजीवन कोरी ने कहा कि संत रविदास जी के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री पंकज त्रिवेदी, सुशीला मौर्य एवं पुष्पराज पटेल, जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम, मधुराज विश्वकर्मा एवं कुलदीप भदौरिया, जिला मंत्री सुधीर मिश्र एवं रेखा सरोज, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह, गौरव शुक्ल, सुमित द्विवेदी, मंडल अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएम ने निर्माणाधीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भवन का किया निरीक्षण

### – घटिया सामग्री व सुस्त निर्माण पर जताई नाराजगी

### – अधिशाषी अभियंता से मांगा स्पष्टीकरण, समयबद्ध व मानक के अनुरूप कार्य कराने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने मंगलवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में निर्माणाधीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण में प्रयुक्त निर्माण सामग्री की गुणवत्ता संतोषजनक न मिलने और निर्माण कार्य में शिथिलता पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। डीएम ने कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड (यूपीआरएनएसएस) के अधिशाषी अभियंता से मामले में स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि



निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानकों से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित सहायक अभियंता को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराया जाए तथा परियोजना को तय समय सीमा के भीतर हर हाल में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में गुणवत्ता संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत की गुंजाइश न रहे। जिलाधिकारी के इस औचक निरीक्षण से निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों और कार्यदायी संस्था में हड़कंप मच गया। उन्होंने दोहराया कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

## समन/अदालती नोटिस

न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय, सदर, फतेहपुर

अपील संख्या : टी 202402250118040 / 2024

श्रीमती कृष्णा देवी

पत्नी स्व. भानूप्रताप, निवासिनी सराय अभैवा, मजरा सोनही, परगना, तहसील एवं जनपद फतेहपुर।

...अपीलार्थिनी बनाम मीना देवी पत्नी देवराज, निवासिनी ग्राम बरूवाहार, मजरा पिलखिनी, परगना हंसवा, तहसील एवं जनपद फतेहपुर।

...विपक्षिनी समाचार पत्र द्वारा समन / नोटिस अंतर्गत धारा 207/35(2), उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता

विपक्षिनी श्रीमती मीना देवी को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थिनी श्रीमती कृष्णा देवी द्वारा आपके विरुद्ध उपर्युक्त अपील न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय, सदर, फतेहपुर में प्रस्तुत की गई है। अतः आपको आदेशित किया जाता है कि आप दिनांक 29 जुलाई, 2026 को प्रातः 10:00 बजे न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय, सदर, फतेहपुर के समक्ष स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता/अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपील का उत्तर प्रस्तुत करें। यदि आप अपने पक्ष के समर्थन में कोई साक्ष्य, गवाह अथवा दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहती हैं, तो उन्हें भी नियत तिथि पर न्यायालय में प्रस्तुत करें। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि नियत तिथि पर आप उपस्थित नहीं होती हैं, तो न्यायालय उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय (EU Parte) निर्णय पारित करने के लिए स्वतंत्र होगा। यह समन/नोटिस समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया जाता है। जारी दिनांक : 25 जुलाई, 2026 आज्ञा से

न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर फतेहपुर।

## अदालती नोटिस

न्यायालय : अपर सिविल जज (सी.डी.), कोर्ट नं. 1, फतेहपुर वाद संख्या : 147/1994

रमेश चन्द्र

पुत्र रामपाल, निवासी ग्राम गणेशपुर, परगना एवं जनपद फतेहपुर बनाम श्रीमती शैल कुमार उर्फ शैला देवी, पत्नी स्व. नरेन्द्र सिंह राजेश सिंह, पुत्र स्व. नरेन्द्र सिंह बृजेश सिंह, पुत्र स्व. नरेन्द्र सिंह

श्रीमती अनीता, पत्नी शिव प्रताप सिंह, पुत्री स्व. नरेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम आटा, पोस्ट बगरा, जनपद जालौन (285121) समन / नोटिस

आर्डर 22 नियम 4, सिविल प्रक्रिया संहिता (CPC)

आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त वाद में मूल प्रतिवादी स्व. नरेन्द्र सिंह का निधन हो जाने के कारण उनके कायम मुकाम (कानूनी उत्तराधिकारी) के रूप में आपका नाम प्रतिस्थापित किए जाने हेतु प्रार्थना–पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 05 अगस्त 2026 को नियत समय पर न्यायालय अपर सिविल जज (सी.डी.), कोर्ट नं. 1, फतेहपुर में व्यक्तिगत रूप से अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उक्त प्रार्थना–पत्र एवं वाद के संबंध में अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि निर्धारित तिथि पर आप उपस्थित नहीं होते हैं, तो न्यायालय उपलब्ध अभिलेखों एवं विधि के अनुसार एकपक्षीय (Ex Parte) कार्यवाही एवं निर्णय करने के लिए स्वतंत्र होगा, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे। यह समन/नोटिस न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया जाता है। अपर सिविल जज (सी. डी) कोर्ट नं. 1, फतेहपुर।

# एसपी की चली तबादला एक्सप्रेस, 24 उपनिरीक्षक इधर से उधर

## - कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की कवायद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद की कानून–व्यवस्था को और अधिक चुस्त–दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने मंगलवार को पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 24 उपनिरीक्षकों एवं निरीक्षक स्तर के अधिकारियों के तबादले कर दिए। जारी स्थानांतरण आदेश के तहत कई थानों, पुलिस चौकियों, पुलिस लाइन, साइबर सेल और यूपी–112 में नई तैनातियां की गई हैं। स्थानांतरण सूची जारी होते ही पूरे पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई। अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद यादव को चौकी अफोई थाना सुल्तानपुर घोष से हटाकर थाना जाफरगंज का अपराध निरीक्षक, उपनिरीक्षक रविशंकर को चौकी आबूनगर से पुलिस लाइन, राजकमल यादव को कोतवाली से चौकी आबूनगर, प्रमेश कुमार यादव को थाना खागा से चौकी बाकरगंज, संजय सिंह परिहार को पुलिस लाइन से चौकी परसमई थाना खखरेरू, राहुल कुमार चौहान को थाना खखरेरू से चौकी अफोई, प्रदीप कुमार को थाना चांदपुर से चौकी किशनपुर थाना धाता, विवेकानंद मिश्रा को थाना थरियाव से चौकी खजुहा थाना बिंदकी, मंगेश कुमार मिश्रा को पुलिस लाइन से चौकी चौड़गरा थाना कल्यानपुर, शिवम कन्नौजिया को थाना बकेवर से जनपदीय साइबर सेल, गोविंद कुमार सोनकर को थाना धाता से थाना गाजीपुर, मनोज कुमार सिंह को थाना धाता से पुलिस लाइन, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह को थाना ललौली से पुलिस लाइन, आनंद कुमार वर्मा को थाना सुल्तानपुर घोष से वरिष्ठ उपनिरीक्षक के रूप में थाना ललौली, एरिश पटेल को थाना ललौली से थाना सुल्तानपुर घोष, दिलीप कुमार यादव को थाना सुल्तानपुर घोष से पुलिस लाइन, सुमित नारायण तिवारी को चौकी परसमई थाना खखरेरू से थाना गाजीपुर भेजा गया है। इसके अलावा अंकुर मिश्रा को थाना धाता से थाना चांदपुर, आदर्श सिंह को थाना किशनपुर से चौकी एआरटीओ, मोहर सिंह को थाना धाता से थाना जहानाबाद, दिनेश कुमार सिंह को थाना हुसैनगंज से थाना कल्यानपुर स्थानांतरित किया गया। सतीश कुमार मिश्रा को यूपी–112 से थाना हुसैनगंज से पुलिस लाइन, घनश्याम आदिवासी को थाना किशनपुर से यूपी–112 तथा बनारसी मिश्रा को थाना कल्यानपुर से पुलिस लाइन भेजा गया।

# किसानों की मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में गरजे भाकियू कार्यकर्ता

### – अमेरिकी ट्रेड डील पर जताई नाराज़गी

### – संगठन विस्तार कर युवाओं को दिया अवसर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के जिलाध्यक्ष मधुसूदन तिवारी के नेतृत्व में किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजकर मांगों पर शीघ्र निर्णय लिए जाने की मांग की। ज्ञापन में भारत–अमेरिका ट्रेड डील तत्काल रद्द करने, किसानों को पूर्ण रूप से कर्जमुक्त करने, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश सी–2+50 के आधार पर .षि उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करते हुए एमएसपी पर खरीद की कानूनी गारंटी देने की मांग की गई। इसके अलावा उज्जवला योजना के प्रत्येक पात्र



परिवार को प्रतिवर्ष आठ रसोई गैस सिलेंडर निःशुल्क उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई। किसानों ने कहा कि बढ़ती महंगाई, घटती आय और आर्थिक संकट से किसान परेशान हैं। सरकार को किसानों और आम जनता के हित में उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। ज्ञापन के पश्चात संगठन की बैठक नहर कलोनी में आयोजित की गयी जिसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गयी। साथ ही बिजली की समस्या नहरों में पानी न होने एवं किसानों को समय से खाद नहीं मिलने पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जाता तो वह इन मुद्दों पर आन्दोलन करने को बाध्य हो जाएंगे। बैठक के पश्चात संगठन का विस्तार करते हुए मोहन बाबा सिंह को जिला संगठन मंत्री, बुद्धराज सिंह जिला मीडिया प्रभारी, विपिन कुमार को हसवा ब्लाक उपाध्यक्ष, मो. अबरार को ब्लाक सचिव हसवा, शिव अर्चन मिश्रा ग्राम अध्यक्ष, काशी प्रसाद सदर तहसील उपाध्यक्ष, विकास सिंह चौहान युवा ब्लाक अध्यक्ष खजुआ, धनराज मौर्या ग्राम अध्यक्ष केवई, सीता देवी ग्राम अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर अमित यादव, युवा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह, दुर्गेश पांडेय, विवेक शुक्ला, शिव बाबू, दीपेंद्र सिंह, धंनराज मौर्या, जिलाध्यक्ष महिला रिंकी जायसवाल, फौजिया खान, निर्मला तिवारी, राहुल तोमर, गुड्डू, सुमित सिंह आदि रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता स्वर्गीय राम विशाल पुत्र स्व० मेड़ीलाल की मृत्यु दिनांक 03/09/2020 को निज निवास स्थान घर पर ग्राम मथैयापुर पोस्ट जमरावां थाना हुसैनगंज विकासखंड भिटौरा में हो गई थी! जानकारी के अभाव में मैंने अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनवा सका! अब मुझे अपने पिता की मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है! जिसे ग्राम पंचायत– मथैयापुर की तरफ से निर्गत किया जाना अति आवश्यक है! यदि किसी को कोई समस्या हो तो वह आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है! पवन कुमार पुत्र स्वर्गीय राम विशाल निवासी ग्राम– मथैयापुर पोस्ट जमरावां विकासखंड भिटौरा तहसील सदर फतेहपुर।



## प्रयागराज-तिरुनेलवेली विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान रखते हुए प्रयागराज-तिरुनेलवेली के लिये विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी सं. 04171/04172 प्रयागराज-तिरुनेलवेली विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं.-04171 प्रयागराज-तिरुनेलवेली | | | गाड़ी सं.-04172 तिरुनेलवेली-प्रयागराज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 10:20 (शनि) | प्रयागराज | 03:30 (गुरू) | ---- |
| 12:28 | 12:30 | मानिकपुर | 22:48 | 22:50 |
| 13:15 (सोम) | ---- | तिरुनेलवेली | ---- | 23:30 (सोम) |

**अन्य ठहराव :-** उपरोक्त के अतिरिक्त यह गाड़ी **सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, नागपुर, चंद्रपुर (महाराष्ट्र), बल्हारशाह, सिरपूर कागजनगर, रामगुंडम, वरंगल, खम्मम, विजयवाड़ा, तेनाली, ओंगोल, नेल्लूर, गुडुर, रेणिगुंटा, काटपाडी, जोलारपेट्टै, सेलम, नामक्कल, करूर जं., दिंडुक्कल, मदुरै, विरुदुनगर, सान्तूर** एवं **कोविलपट्टि** स्टेशनों पर भी रुकेगी।

**प्रयागराज से:-** गाड़ी संख्या 04171, प्रत्येक शनिवार, दिनांक 01.08.2026 से 22.08.2026, **तिरुनेलवेली से:-** गाड़ी संख्या 04172, प्रत्येक सोमवार, दिनांक 03.08.2026 से 24.08.2026, **गाड़ी संरचनाः-** सामान्य श्रेणी- 06, स्लीपर श्रेणी- 09 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 02

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1729/26 (A)

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# 675 विद्यार्थियों को बांटी होम्योपैथिक दवा

### – जल संरक्षण का दिलाया संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, आरोग्य भारती, दि होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन वाली बीमारियों से बचाव और जल संरक्षण को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विद्यालय



ऑफ इंडिया के तत्वावधान व डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में मंगलवार को सदाशिव इंटर कॉलेज रेल बाजार में बरसात के मौसम में होने के 675 विद्यार्थियों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होम्योपैथिक औषधि वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव, स्वच्छता अपनाने और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सभी बच्चों को रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि भी वितरित की। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने जल संरक्षण का महत्व बताते हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों को जल बचाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि जल की प्रत्येक बूंद अनमोल है और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाना आवश्यक है। प्रधानाचार्य शिवराम ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण जैसे अभियान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रमुख सहयोगी सुरेश कुमार श्रीवास्तव तथा प्रबंध समिति सदस्य अभिनव श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अदालती नोटिस

(आदेश 5 नियम 20, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908)

न्यायालय रू सिविल जज (सी.डी.), फतेहपुर

मुकदमा संख्याः 283/2015 प्यारे लाल

पुत्र कालीचरन, निवासी ग्राम साई, परगना व तहसील बिन्दकी, जनपद फतेहपुर।

...वादी बनाम सुमित, पुत्र स्व. रामऔतार, उम्र लगभग 32 वर्ष। श्रीमती जग्गी देवी, विधवा स्व. रामऔतार, उम्र लगभग 70 वर्ष। निवासीगण ग्राम साई, परगना व तहसील बिन्दकी, जनपद फतेहपुर।

सोमवती, पुत्री स्व. रामऔतार, पत्नी रामस्वरूप, उम्र लगभग 50 वर्ष, निवासी ग्राम हाफिजपुर हरकरन, पोस्ट खजुहा, जनपद फतेहपुर, हाल निवासी ग्राम साई, पोस्ट मौहार, तहसील बिन्दकी, जनपद फतेहपुर। रामवती, पुत्री स्व. रामऔतार, पत्नी रामलाल, उम्र लगभग 48 वर्ष, निवासी ग्राम एवं पोस्ट औंग छिवली, तहसील बिन्दकी, जनपद फतेहपुर।

पार्वती, पुत्री स्व. रामऔतार, पत्नी राजकुमार, उम्र लगभग 45 वर्ष, निवासी ग्राम बड़ाहार, पोस्ट औंग, तहसील बिन्दकी, जनपद फतेहपुर। चन्द्ररेखा, पुत्री स्व. रामऔतार, पत्नी पंछी, उम्र लगभग 28 वर्ष, निवासी ग्राम एवं पोस्ट पधरा, तहसील बिन्दकी, जनपद फतेहपुर।

सविता, पुत्री स्व. रामऔतार, पत्नी सर्वेश कुमार, उम्र लगभग 28 वर्ष, निवासी ग्राम बरिगवां, पोस्ट बकेवा, परगना कोड़ा, जनपद फतेहपुर।

नीतू, पुत्री स्व. रामऔतार, पत्नी टिंकू, उम्र लगभग 26 वर्ष, निवासी ग्राम मसूदाबाद, पोस्ट कल्याणपुर, जनपद कानपुर नगर। ...प्रतिवादीगण समन / नोटिस प्रतिवादीगण 1/1 से 1/8 को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि वादी प्यारे लाल द्वारा उपर्युक्त वाद में मृतक रामऔतार के विधिक उत्तराधिकारियों (वारिसान) को प्रतिस्थापित किए जाने हेतु प्रार्थना–पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 31 अगस्त, 2026 को नियत समय पर न्यायालय सिविल जज (सी.डी.), फतेहपुर में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उक्त प्रार्थना–पत्र के संबंध में अपना जवाब प्रस्तुत करें तथा यदि अपने पक्ष के समर्थन में कोई दस्तावेज अथवा साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहते हों तो उन्हें भी नियत तिथि पर न्यायालय में प्रस्तुत करें। यदि निर्धारित तिथि पर आप उपस्थित नहीं होते हैं, तो आपके विरुद्ध उपलब्ध अभिलेखों एवं साक्ष्यों के आधार पर एकपक्षीय (EU Parte) कार्यवाही करते हुए विधि अनुसार निर्णय पारित कर दिया जाएगा, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे। यह समन आदेश 5 नियम 20, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अंतर्गत समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है। जारी दिनांक : 28 जुलाई, 2026 स्थान : फतेहपुर

आज्ञा से सिविल जज (सी.डी.) फतेहपुर।

# ट्यूबवेल बंद होने से पानी को तरसे आवास विकास कॉलोनी के लोग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आवास विकास एवं आबूनगर रोड क्षेत्र में नगर पालिका के ट्यूबवेल की मोटर खराब होने से पेयजल संकट गहरा गया है। कई दिनों से पानी की आपूर्ति बाधित होने से



मोहल्लेवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में नगर पालिका परिषद फतेहपुर के वार्ड नंबर–02 के सभासद दीपक कुमार मौर्य ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर समस्या के तत्काल समाधान की मांग की है। सभासद ने बताया कि 22 जुलाई को नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा ट्यूबवेल की मोटर निकाल ली गई थी, लेकिन अब तक मोटर ठीक कराकर नहीं लगाई गई और न ही वैकल्पिक व्यवस्था की गई। उन्होंने बताया कि पेयजल आपूर्ति ठप होने से क्षेत्र के लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। खासकर महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सभासद ने डीएम से ट्यूबवेल की मोटर तत्काल ठीक कराकर अथवा नई मोटर लगवाकर जलापूर्ति बहाल कराने, लापरवाही के जिम्मेदार अधिकारियों–कर्मचारियों की जांच कराने तथा भविष्य में ऐसी स्थिति से निपटने के लिए वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है।

# हक की हुंकार के आगे झुका स्कूल प्रशासन, आंदोलन ने मनवाई सभी मांगें

### - बिजली, पानी, पंखे व डेस्क-बेंच की मांग को लेकर छात्रों ने खोला था मोर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले के किशनपुर स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज में सोमवार को छात्रों और छात्राओं का गुस्सा उस समय फूट पड़ा, जब वर्षों से चली आ रही बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी के खिलाफ उन्होंने विद्यालय परिसर में जोरदार आंदोलन छेड़ दिया। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर हाथों में लेकर सैकड़ों छात्र–छात्राएं मैदान में उतर आए और बिजली, पानी, पंखे, डेस्क–बेंच व अन्य सुविधाओं की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। छात्रों का आक्रोश बढ़ता देख विद्यालय प्रशासन के हाथ–पांव फूल गए। आखिरकार जिला विद्यालय निरीक्षक की मौजूदगी में प्रशासन को झुकना पड़ा और छात्रों की सभी प्रमुख मांगों पर लिखित आश्वासन देना पड़ा। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप था कि विद्यालय में लंबे समय से बिजली व्यवस्था बदहाल है। कई कक्षाओं में पंखे नहीं हैं और खराब वायरिंग के कारण भीषण गर्मी में पढ़ाई करना मुश्किल हो जाता है।



विद्यालय में शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था भी नहीं है, जिससे छात्र–छात्राओं को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ती है। पर्याप्त डेस्क–बेंच न होने से कई छात्र जमीन पर बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानाचार्य उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेते और उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। विद्यालय परिसर में एकत्र छात्रों और छात्राओं ने अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। उनका कहना था कि जब तक विद्यालय में न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होंगी, तब तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कल्पना नहीं की जा सकती। छात्रों ने साफ चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। बढ़ते दबाव के बीच जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और छात्रों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद विद्यालय प्रशासन की ओर से लिखित आश्वासन दिया गया कि प्रत्येक कक्षा में अगले दिन तक चार–चार पंखे लगाए जाएंगे, बिजली की वायरिंग दुरुस्त कराई जाएगी, एक महीने के भीतर सभी आवश्यक डेस्क–बेंच उपलब्ध करा दिए जाएंगे तथा विद्यालय में आरओ वाटर कूलर भी स्थापित किया जाएगा। डीआईओएस राकेश कुमार ने कहा कि छात्रों की सभी जायज मांगें स्वीकार कर ली गई हैं और उन्हें तय समय सीमा में पूरा कराया जाएगा। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोग इसे नई पीढ़ी की जागरूकता और अपने अधिकारों के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता से जोड़कर देख रहे हैं। लिखित आश्वासन मिलने के बाद छात्रों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया है।

# मौत बनकर मंडरा रहे सड़क के गड्ढे

### - हुसैनगंज-कड़ा मार्ग पर हर सफर जान जोखिम में

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। हुसैनगंज कड़ा मार्ग पर चौकी चौराहा से प्रेमनगर कस्बे तक सड़क की बदहाली राहगीरों के लिए परेशानी का शबब बन चुकी है। मार्ग पर जगह–जगह बने गहरे गड्ढे आए दिन दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं। हालात यह हैं कि दोपहिया वाहन चालक हर समय हादसे की आशंका के बीच सफर करने को मजबूर हैं, जबकि जिम्मेदार विभाग मौन बना हुआ है। क्षेत्र के रामहित, सुग्रीव, नरेंद्र सिंह के अनुसार सड़क पर बने गड्ढों के कारण लगभग प्रतिदिन बाइक सवार असंतुलित होकर गिर रहे हैं और चोटहिल हो रहे हैं। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, वहीं रात के अंधेरे में यह किसी जानलेवा जाल से कम साबित नहीं होते। मार्ग पर प्रेमनगर कस्बे में कैलाश एवं रोहित द्विवेदी के मकान के समीप, रामपुर मोड़ (पुराना घोष मोड़) के पास, थाना सुल्तानपुर घोष के सामने, सराय ग्राम के बोर्ड के निकट, ऐरायां गांव में एमडीआर–81c बोर्ड के समीप तथा बगैचा मोड़ (चौकी चौराहा) के पास बड़े–बड़े गड्ढे बने हुए हैं। इन स्थानों पर वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार लोक निर्माण विभाग और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक न तो सड़क की मरम्मत कराई गई और न ही दुर्घटनाओं से बचाव के लिए चेतावनी बोर्ड या संकेतक लगाए गए। इससे लोगों में विभाग के प्रति भारी नाराजगी है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार




करने के बजाय तत्काल सड़क की मरम्मत कर सभी गड्ढों को भरवाया जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुधार कार्य नहीं कराया गया तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। एसडीएम अश्वनी पांडेय ने बताया कि सूचना नहीं है फिर भी विभाग को पत्राचार कर कार्रवाई कराई जाएगी।

# फर्जी जमानत का खेल बेनकाब, हिस्ट्रीशीटर मुंशी गिरफ्तार

### – एक ही खतौनी व आधार से कराता था अपराधियों की जमानत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में फर्जी जमानत के बड़े खेल का खुलासा करते हुए थरियांव पुलिस ने मंगलवार को एक शातिर हिस्ट्रीशीटर मुंशी को गिरतार किया है। आरोपी कूटरचित दस्तावेज तैयार कर गंभीर आपराधिक मामलों में आरोपियों की फर्जी जमानत कराता था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि वह एक ही खतौनी और आधार कार्ड की प्रतियों का बार–बार इस्तेमाल कर अलग–अलग मुकदमों में जमानत दिलाने का काम करता था, जिससे कई आरोपी जमानत मिलने के बाद फरार हो गए और न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हुई। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में अपराधियों एवं फर्जी जमानतदारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना थरियांव पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर सतीश चंद्र उर्फ



सतीश लोधी निवासी ग्राम हसवा, कचहरी में मुंशीगिरी की आड़ में फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपराधियों की जमानत कराता है। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर उसे गिरतार कर लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने जनपद के विभिन्न थानों से संबंधित करीब सात से आठ मुकदमों में एक ही खतौनी और आधार कार्ड का उपयोग कर फर्जी जमानत कराई थी। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से कई फर्जी जमानत प्रपत्र, कूटरचित दस्तावेज और विभिन्न मुकदमों में इस्तेमाल किए गए दस्तावेजों की प्रतियां बरामद हुईं। इस आधार पर थाना थरियांव में मु.अ.सं. 189/2026 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से एक ही खतौनी क्रमांक 156827 और संबंधित अभिलेखों का बार–बार इस्तेमाल कर अलग–अलग आरोपियों की जमानत कराता था। उसने यह भी कबूल किया कि न्यायालय में प्रस्तुत किए गए दस्तावेज वास्तविक तथ्यों के अनुरूप नहीं थे। पुलिस के अनुसार गिरतार आरोपी हिस्ट्रीशीटर (एच.एस. नंबर–812) है और उसके खिलाफ पहले से लूट, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम तथा गुंडा एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं।

# रिदा लेडीज टेलर एंड मैटेरियल शॉप का शुभारंभ

### – महिलाओं को मिलेंगे डिजाइनर परिधान व सिलाई की बेहतर सुविधा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के पत्थरकटा चौराहा सिविल लाइन स्थित रिदा लेडीज टेलर एंड मैटेरियल शॉप का शुभारंभ काज़ी–ए–शहर मुती शहाबुद्दीन ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर स्थानीय लोगों सहित शुभचिंतकों की उपस्थिति रही। शॉप के प्रोपराइटर हाफिज इरफान एवं फराज ने बताया कि उनकी दुकान पर महिलाओं के कपड़ों की सिलाई उचित मूल्य पर की जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के ड्रेस मैटेरियल भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य शहर की महिलाओं को एक ही स्थान पर आधुनिक डिजाइन, बेहतर गुणवत्ता और किफायती कीमत में मैटेरियल उपलब्ध कराना है। जिससे ग्राहकों को अपनी पसंद के अनुसार परिधान तैयार कराने में सुविधा मिलेगी। उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों ने नई दुकान के शुभारंभ पर प्रोपराइटरों को शुभकामनाएं दीं



और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद, फकीर मोहम्मद, मौलाना मुंशाद रजा, हाफिज रिजवान, फिरोज राईन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# आईटीआई में प्रवेश के लिए चार अगस्त तक भरें फॉर्म

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के युवाओं के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश का सुनहरा अवसर है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि सत्र 2026–27 में जनपद के सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के विभिन्न व्यवसायों (ट्रेड) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है।

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी चार अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे, इसलिए अभ्यर्थी अंतिम समय का इंतजार किए बिना समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रवेश से संबंधित विस्तृत जानकारी व ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने अधिक से अधिक पात्र युवाओं से समय सीमा के भीतर आवेदन कर आईटीआई में प्रवेश का लाभ उठाने की अपील की।

# रोड किनारे मिला शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के पक्का तालाब समीप सडक किनारे संदिग्ध अवस्था में 43 वर्षीय अधेड़ राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने शव को बरामद कर विच्छेदन गृह भेजा है। जानकारी होने पर मौके में पहुंचे मृतक के परिजनों ने उसकी शिनाख्त वसी अहमद पुत्र नग्गन खान निवासी 108 छोटी बाजार थाना कोतवाली के रूप में करते हुए मृतक के बहनोई मो0 खलील ने बताया कि हम लोगों को जानकारी मिली कि वसी अहमद बाकरगंज पक्का तालाब में मृत अवस्था में मिला है। हालांकि परिजन मौत का कारण नहीं बता पाए।

# संदिग्ध अवस्था में महिला फांसी लगा दी जान

### – परिजनों ने ससुरालीजनों पर लगाया हत्या का आरोप, पति व ससुर हिरासत में

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम बसावनपुर में संदिग्ध परिस्थियों में 25 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। वहीं मृतका के परिजनों ने ससुरालीजनों पर भैंस की मांग पूरी न होने पर मार डालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति व ससुर को हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार बसावनपुर गांव निवासी उत्तम उर्फ ननका की पत्नी दुर्गा देवी ने सोमवार की शाम संदिग्ध अवस्था में घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के परिजनों ने बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी 2022 में की थी। शादी के कुछ महीनों के बाद ससुरालीजन भैंस की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। आरोप लगाया कि मांग पूरी न होने पर पति ससुर रामकुमार, देवर अतुल, जेठ मटरू ने उसे मारा पीटा और मारने पीटने के बाद हत्या कर दी और शव को फांसी पर लटका दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत कारण ज्ञात हो सकेगा।

# अलग-अलग सड़क हादसों दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों अर्न्तगत हुए सड़क हादसों के दौरान बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कालोनी निवासी स्व0 सोहन का पुत्र सत्यम बाइक से किसी काम से जा रहा था। तभी नऊवाबाग के समीप सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गयी। इसी प्रकार किशनपुर थाना क्षेत्र के विजयीपुर गांव निवासी स्व. राजाराम का 18 वर्षीय पुत्र अजय कुमार बाइक से खागा जा रहा था। तभी इकौरा के समीप सामने से आ ही बाइक से भिड़ंत हो गयी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। उधर घटना की सूचना पाकर मौके में पहुची सरकारी एम्बुलेंस ने जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# युवक का मिला शव, क्षतिग्रस्त बाइक बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के चुरियानी स्थित तालाब के पास सोमवार की रात एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच–पड़ताल शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान शिवांशू (19) पुत्र राजेश कुमार निवासी सोनवर्षा, थाना गाजीपुर के रूप में हुई है। घटनास्थल से मृतक की क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है, जिससे प्रथम .ष्टया किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से दुर्घटना होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। अज्ञात वाहन की तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )